दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, गुरुवार, 6 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 26 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com



आज बेबाक

उत्तरप्रदेश विधानसभा की सीढ़ी पर एक माननीय विधायक ने जुबान केशरी बोल दी। गुटखा खाकर थूक दिया। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष की नजर पड़ी तो उन्होंने खुद खड़े होकर उसे साफ कराया। बाद में सदन में कहा कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से उन्हें पता है कि यह गंदगी किस माननीय ने की है लेकिन वे उनका नाम नहीं बताएंगे। जबकि उन्हें ऐसे उस माननीय का नाम उजागर करना चाहिए था ताकि सबको पता चलता की यह किस बुड़बक की हरकत थी? कायदे से तो उसी माननीय से गुटखे की पीक को साफ कराया जाना चाहिए था।

दुर्ग और राजनांदगांव के किसानों को 4 गुना मुआवजा, तो यहां क्यों नहीं

■ भारतमाला परियोजना : जमीन के कम मुआवजा पर बिफरे किसान

आरंग /नवप्रदेश। प्रस्तावित रायपुर - विशाखापट्टनम इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए अधिग्रहित जमीन के एवज में दी गई मुआवजा राशि को लेकर आरंग विकासखंड के किसानों में असंतोष है। प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगा रहे किसानों का कहना है कि इस बड़े प्रोजेक्ट में दुर्ग और राजनांदगांव के किसानों को 4 गुना मुआवजा मिला है, जबकि यहां ऐसा नहीं है।

प्रशासन पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर विरोध जताने पहुंचे। स्थिति

को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। मामला आरंग विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम गोइंदा का है, जहां कम मुआवजे मिलने से नाराज किसान भारतमाला परियोजना में हो रहे निर्माण कार्य का विरोध जताने पहुंच गए।

मौके पर पहुंची आरंग तहसीलदार सीता शुक्ला, थाना प्रभारी राजेश सिंह और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने किसानों को समझाइश दी। इसके बाद किसान अपनी बात उच्चाधिकारियों से समक्ष रखने के लिए रायपुर रवाना हो गए। इधर किसानों के विरोध को देखते हुए पुलिस बल की मौजूदगी में खेतों का समतलीकरण किया जा रहा है।

सात को होगा सभापति का चयन

रायपुर/नवप्रदेश । सभापति का चयन को लेकर मेयर मीनल चौबे ने कहा कि आगामी सात तारीख को सभापति का चयन होगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में संगठन का निर्णय महत्वपूर्ण होता है। संगठन जो भी आदेश करती है, उसके अनुसार हम काम करते हैं। कर वसूली के लिए चार सौ करोड़ का टारगेट पर मेयर मीनल चौबे ने कहा कि नगर निगम का जो मुख्य आय का स्रोत है, वह हमारा राजस्व है। उन्होंने कहा कि सख्त निर्देश है कि हम मध्यम वर्गीय लोगों पर हम सख्ती दिखाते हैं, लेकिन जो बड़े और रसूखदार हैं। जो उच्च वर्ग के लोग हैं, उनसे भी बराबर रिवेन्यू वसूली की जाए, तभी जो नगर निगम का काम है वह ठीक ढंग से चल पाएगा।

भाजपा अध्यक्ष बदलने से पहले आरएसएस की सर्वोच्च बैठक

नागपुर(ए.)। केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जेपी नड्डा का कार्यकाल काफी समय पहले ही बीत चुका है और नए भाजपा अध्यक्ष के चुने जाने की प्रक्रिया चल रही है। चर्चा है कि बहुत जल्द भाजपा को एक नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। इन्हीं चर्चाओं के बीच भाजपा के मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक (21-23 मार्च) को बंगलूरू में होना निश्चित किया गया है। इस बैठक में संघ के सर्वोच्च पदाधिकारी मोहन भागवत, दत्तात्रेय होसबोले और सभी सहयोगी संस्थाओं के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महामंत्री सहित 1480 कार्यकर्ता शामिल होंगे।

एकीकृत सूचना-प्रौद्योगिकी ढांचा तैयार करेगा चुनाव आयोग

नयी दिल्ली (वार्ता)। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी हितधारकों की सुविधा के अनुकूल एक डैशबोर्ड (गतिमान विस्तृत-सूचना पट्टिका) के साथ साथ एक के साथ सूचना प्रौद्योगिकी (आईडी) आधारित एक मजबूत एकीकृत व्यवस्था तैयार करने का निर्णय लिया है। सम्मेलन में तेजी से विकसित हो रहे मीडिया परिदृश्य में मतदाताओं के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए सोशल मीडिया पर पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गयी।

पीएम मोदी पर खड़गे का तंज

नई दिल्ली(ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि, आपका मंगलसूत्र वाला बयान सच साबित हो रहा है, क्योंकि देश में महिलाएं अपने गहने गिरवी रखने के लिए मजबूर हो रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा था कि, अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो आपको अपने मंगलसूत्र गिरवी रखने पड़ जाएंगे।

शासकीय भूमि के आवंटन का मामला सदन में गूंजा

धरमलाल कौशिक ने पूछा-56 करोड़ की शासकीय जमीन 9 करोड़ में कैसे दे दी?

■ मंत्री बोले, निरस्त हो चुका है आवंटन, पर अभी जिम्मेदार अफसर पर कार्रवाई नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के सातवें दिन सदन में प्रश्नकाल के दौरान अमलीडीह की शासकीय भूमि के आबंटन का मामला गरमा गया। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार से सवाल किया कि इस भूमि का आबंटन निरस्त करने का कारण क्या था। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि नियमों में बदलाव के कारण यह आबंटन रद्द कर दिया गया था। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चार सालों में हेलीकॉप्टर किराए पर 249 करोड़ से अधिक किया खर्च

छत्तीसगढ़ सरकार ने बीते चार सालों में किराए पर लिए गए हेलीकॉप्टर के लिए 249 करोड़ 15 करोड़ 42 हजार 818 रुपए का भुगतान किया है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस विधायक इंद्र साव के सवाल के जबाव में दी। कांग्रेस विधायक इंद्र साव ने प्रश्नकाल के दौरान सवाल किया कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूछ लेते वो बस मिज़ाज मेरा कितना आसान था इलाज मेरा ...

अजय के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा शोध प्रकाशित किया है

सेल के मरीजों की इलाज की सुविधा नहीं होने का मामला सदन में उठा। ध्यानाकर्षण के जरिए भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने मामला उठाया। अजय चंद्राकर ने कहा कि-पीड़ित मरीज अपनी मौत का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश में सिकलसेल बीमारी से 25 लाख लोग पीड़ित है। सिर्फ एक ही चिकित्सा संस्थान रायपुर में है लेकिन पर्याप्त विशेषज्ञ नहीं है। कोई रिसर्च नहीं किया जाता। संचालन के लिए स्वयं का भवन तक नहीं है। मरीज इलाज के लिए दर दर भटक रहे हैं।

स्वाथ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि-राज्य में एकमात्र सिकलसेल संस्थान है। राज्य के सरकारी चिकित्सालय में सिकलसेल प्रबंधन सेल शुरू किया गया है। सिकलसेल को लेकर वैज्ञानिकों ने 19 शोध पत्र प्रकाशित किया है. चिकित्सकों की नियुक्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। सिकलसेल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीसीसी चीफ बैज ने फिर लगाया जासूसी का आरोप

■ सीएम और डीजीपी को लिखे पत्र का अब तक नहीं आया जवाब-बैज

■ मामले की गंभीरता से हो जांच

रायपुर/नवप्रदेश। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने फिर जासूसी का बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, जासूसी और निगरानी खत्म नहीं हुई है बल्कि और बढ़ गई है। सरकारी बंगले आने वाली सभी गाड़ियों की निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री और डीजीपी को लिखे पत्र का अब तक जवाब नहीं आया है। इस मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। बैज ने कहा, जिला पंचायत और जनपद के जीते प्रत्याशियों पर निगरानी रखकर उन्हें धमकाया जा रहा। मेरा मोबाइल भी सर्विलिएंस पर रखा गया है। बीजेपी के नेता भी हमसे बात करने घबरा रहे हैं. वहीं सेक्स सीडी मामले में भूपेश बघेल को क्लीन चिट मिलने पर पीसीसी चीफ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस नेताओं की जासूसी कर रही है सरकार: भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ सरकार पर पीसीसी चीफ दीपक बैज के बाद अब पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जासूसी के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सरकार पर कांग्रेस नेताओं की जासूसी कराने का बड़ा आरोप लगाया है।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि मेरा फोन भी सर्विलांस में है, मेरे बगल में खुफिया तंत्र के कर्मचारी खड़े रहते हैं, एलआईबी के कर्मचारी पत्रकारवार्ता में मेरी बात को सुनते हैं। पूर्व सीएम के आरोप के बाद अब सियासत और भी गर्म हो गई है।

पिछले दिनों पीसीसी चीफ दीपक बैज ने अपने घर की रेकी कर जासूसी करवाने का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि बीते दो रातों से लगातार 24 घंटे दंतेवाड़ा पुलिस सीजी17 की गाड़ी उनके रायपुर स्थित शासकीय आवास की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएएस अधिकारियों का तबादला

■ अभिजीत सिंह बने दुर्ग कलेक्टर, अबिनाश मिश्रा को धमतरी की कमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार को बड़े प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। राज्य शासन ने विशेष सचिव अभिजीत सिंह को दुर्ग का नया कलेक्टर नियुक्त किया है, वहीं रायपुर नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा को धमतरी कलेक्टर बनाया गया है। दुर्ग कलेक्टर रही ऋचा प्रकाश और धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए रिलीव किया गया है। उनकी जगह पर नए कलेक्टरों की नियुक्ती की गई है।

किसे मिली क्या जिम्मेदारी- अभिजीत सिंह (आईएएस 2012) - विशेष सचिव, गृह एवं जेल विभाग से स्थानांतरित होकर कलेक्टर, दुर्ग बने।

अबिनाश मिश्रा (आईएएस 2018) - रायपुर नगर निगम आयुक्त से स्थानांतरित होकर कलेक्टर, धमतरी नियुक्त। रेना जमील (आईएएस2019)- उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को सचिव, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एकदिवसीय क्रिकेट से स्टीव स्मिथ ने लिया संन्यास

दुबई (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया टीम के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारत के हाथों मिली हार के बाद एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

आस्ट्रेलियाई 35 वर्षीय बल्लेबाज स्मिथ ने बुधवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने भारत के हाथों मिली हार के तुरंत बाद ही अपनी टीम के साथियों को संन्यास लेने के बारे में बताया था। वह 2027 के एकदिवसीय विश्वकप के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि वह टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहेंगे। स्मिथ चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभा रहे थे।

बोफोर्स कांड की जांच में आ सकता है नया मोड़

■ सीबीआई ने निजी जांचकर्ता माइकल हर्शमैन से मांगी जानकारी

नई दिल्ली (ए.)। बोफोर्स रिश्वत कांड की जांच में नया मोड़ आ सकता है। दरअसल सीबीआई ने अमेरिका के निजी जांचकर्ता माइकल हर्शमैन से जानकारी मांगी है। इसे लेकर सीबीआई द्वारा अमेरिका को न्यायिक अनुरोध पत्र भी भेजा गया है। माइकल हर्शमैन ने बोफोर्स रिश्वत कांड के बारे में भारतीय जांच एजेंसियों के साथ महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने की इच्छा व्यक्त की थी। फेयरफैक्स समूह के प्रमुख माइकल हर्शमैन साल 2017 में भारत दौरे पर आए थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया था। इन कार्यक्रमों में जब उनसे बोफोर्स रिश्वत कांड को लेकर सवाल किया गया तो

उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने घोटाले की जांच को पटरी से उतार दिया था और उन्होंने सीबीआई के साथ बोफोर्स मामले से जुड़ी अहम जानकारी साझा करने की इच्छा जाहिर की थी।

सीबीआई ने आधिकारिक तौर पर मांगी जानकारी

माइकल हर्शमैन ने दावा किया था कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने उन्हें साल 1986 में विदेश में भारतीयों द्वारा मुद्रा नियंत्रण कानून के उल्लंघन और धन शोधन मामले की जांच के लिए नियुक्त किया था। इन मामलों में कुछ बोफोर्स सौदे से भी जुड़े थे। इनकी जांच के दौरान उन्हें अहम जानकारी मिली। हर्शमैन के दावे पर सीबीआई ने वित्त मंत्रालय से उन दस्तावेजों की मांग की, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब... *रेलवे को उपकरण, लॉजिस्टिक सेवा प्रदान करने वाली परियोजनाएं शामिल*

भारतीय रेल वित्त निगम महारत्न की श्रेणी में शामिल होगा: सीएमडी मनोज दुबे

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में नवरत्न का दर्जा प्राप्त भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) ने अब एक साल के भीतर महारत्न की श्रेणी में शामिल होने का संकल्प व्यक्त किया है।

आईआरएफसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज दुबे ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कंपनी को नवरत्न का दर्जा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे कंपनी को काम करने की अधिक स्वायत्तता मिल गई है। अब आईआरएफसी रेलवे के ईकोसिस्टम में योगदान करने वाली किसी भी परियोजना का वित्तपोषण करेगी और ज़ीरो एनपीए की शर्त पर सस्ता ऋण मुहैया करायेगी। इनमें रेलवे को आपूर्ति करने वाली नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं, रेलवे को उपकरण, लॉजिस्टिक सेवा आदि प्रदान करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। दुबे ने कहा कि नवरत्न बनने के बाद अब हमारा लक्ष्य महारत्न कंपनी बनना है। संभवतः अगले वर्ष ही हम उन मानकों को पूरा कर लेंगे जो महारत्न की श्रेणी के लिए जरूरी हैं।

एक प्रश्न के उत्तर में दुबे ने कहा, नवरत्न का दर्जा प्राप्त करना आईआरएफसी की वित्तीय मजबूती और भारत के रेलवे बुनियादी ढांचे को समर्थन देने की उसकी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। यह मान्यता हमें अपनी क्षमताओं का और अधिक विस्तार करने और राष्ट्र के विकास में और अधिक सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। दुबे ने कहा, हम पूंजी-गहन रेलवे परियोजनाओं के लिए सबसे अधिक लागत प्रभावी वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पूरा रेलवे इकोसिस्टम पूंजीगत व्यय (केपेक्स) में वृद्धि के दौर से गुजर रहा है, जो माल बुलाई और यात्री आवागमन दोनों के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी आबादी की मांग को पूरा कर रहा है। जैसे-जैसे भारत अमृत काल में 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, आईआरएफसी बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिकीकरण के लिए संसाधन जुटाने में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2024 तक 26 हजार 600 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व और 6400 करोड़ रुपये से अधिक के कर-पश्चात लाभ के साथ, आईआरएफसी प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां के मामले में भारत में तीसरा सबसे बड़ा सरकारी एनबीएफसी चुका है।

सोनप्रयाग से केदारनाथ तक बनेगा रोपवे, 9 घंटे का सफर सिर्फ36 मिनट में कैबिनेट ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। केदारनाथ रोपवे परियोजना पर खर्च होंगे 4,081 करोड़ रुपये केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को केदारनाथ रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी। इस रोपवे परियोजना पर करीब 4,081 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इस रोपवे को डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा।

रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित है। जिसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के दौरान और साथ ही पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय (एफएंडबी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ने बुधवार को उत्तराखंड में दो रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इनमें सोनप्रयाग से केदारनाथ (12.9 किलोमीटर) और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी (12.4 किमी) रोपवे परियोजनाएं शामिल हैं, जिनपर कुल 6,811 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इन दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के निर्माण की समयसीमा चार से छह वर्ष निर्धारित की गई है। वैष्णव ने बताया कि गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजना को भी डीबीएफओटी प्रारूप पर विकसित किया जाएगा, जिसपर कुल लागत 2,730.13 करोड़ रुपये आएगी। वर्तमान में हेमकुंड साहिबजी की यात्रा गोविंदघाट से 21 किमी की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और इसे पैदल या टट्टुओं या पालकियों द्वारा पूरा किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिबजी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, और यह गोविंदघाट तथा हेमकुंड साहिब जी के बीच सभी मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।

16 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई से लोगों को मिलेगी राहत

रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में अंतिम मील संपर्क को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में पैदल या टट्टू, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा तय की जाती है। केदारनाथ उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दिवाली (अक्तूबर-नवंबर) तक साल में लगभग 6 से 7 महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम में सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

▮ गोविंदघाट से हेमकुंड साहिबजी तक भी बनेगा रोपवे

परिसीमन मुद्दे पर डीएमके सरकार के समर्थन में दिखे कमल हासन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की अध्यक्षता में परिसीमन मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक में शामिल के बाद अभिनेता और मक्कल निधि मैयम प्रमुख कमल हसन रवाना ने कहा, 'मेरी राय है कि इन 453 (सीटों) में बदलाव की जरूरत नहीं है'। उन्होंने आगे कहा- 'जब देश की जनसंख्या 145 करोड़ थी, तब भी इन 453 सदस्यों ने देश को आज इस स्थिति तक पहुंचाया...ये पर्याप्त हैं। अगर उन्हें सीटों की संख्या बढ़ानी ही है, तो केंद्र में लिए गए सभी सरकारी फैसले राज्यों द्वारा निष्पादित किए जाते हैं। अगर वे जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाना ही चाहते हैं, तो विधानसभा की सीटें बढ़ाई जानी चाहिए'। राज्य में परिसीमन को लेकर जारी विवाद पर अब फिल्म अभिनेता और तमिल वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय दलपति ने भी टिप्पणी की हैं। विजय दलपति ने सोशल मीडिया पर इसे लेकर बयान जारी किया है। इस बयान में विजय ने लिखा है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है तो ये दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक अहमियत कम करने की कोशिश होगी। उन्होंने लिखा कि 'अगर केंद्र सरकार मनमाने तरीके से संसदीय सीटों का परिसीमन करती है तो इसे दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक अहमियत कम करने के तौर पर देखा जाएगा। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुको ने किया रद्द विस्फोट मामले में एनजीटी का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें भागलपुर के जिलाधिकारी (डीएम) को पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में मारे गए लोगों के परिजनों को 20 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया गया था। इस मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय ओका और जस्टिस एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने कहा कि एनजीटी ने यह आदेश जारी करने से पहले न तो दोषियों को कोई नोटिस दिया और न ही मरने वालों और घायलों के परिवारों से कोई जवाब मांगा। अब यह मामला फिर से विचार करने के लिए 28 मार्च को एनजीटी के पास भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने एनजीटी को निर्देश दिया है कि वह भागलपुर जिलाधिकारी को नोटिस जारी करे और मृतकों व घायलों के परिवारों का पता लगाए।

हमारे विधायक की बेखौफ दानिशमंदी बेमिसाल है: अखिलेश

लखनऊ(वार्ता)। औरंगजेब की तारीफ को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकारों के निशाने पर आये महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अबू आजमी का बचाव करते हुये पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उनके विधायक या सांसद की बेखौफदानिशमंदी बेमिसाल है और निलंबन से कोई सच की जुबान पर लगाम नहीं लगा सकता है। गौरतलब है कि औरंगजेब की तारीफको लेकर श्री आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया है वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा विधायक के बयान पर कहा कि सपा को आजमी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना चाहिये और उन्हे उत्तर प्रदेश लाना चाहिये।

अगर वे हमें अपने बाज़ार से बाहर रखने गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं तो हम भी लगाएंगे

ट्रम्प ने लगाया भारत पर उच्च टैरिफ लगाने का आरोप, 02 अप्रैल से लागू होंगे पारस्परिक टैरिफ

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए अपनी कठोर टैरिफ नीति का बचाव किया है और उच्च टैरिफलगाने के लिए चीन सहित अन्य देशों के साथ भारत का भी उल्लेख किया और इसे 'बहुत अनुचित' करार दिया।

ट्रम्प ने विदेशी आयात पर पारस्परिक टैरिफलागू करने के लिए अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहरायी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान भारत का जिक्र करते हुए कहा, "भारत हमसे 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफ वसूलता है।"

उन्होंने कहा, "यदि आप ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका में अपना उत्पाद नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफका भुगतान करना होगा और कुछ मामलों में बहुत अधिक भुगतान करना होगा। अन्य देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है और अब उन अन्य देशों के खिलाफ इसका उपयोग करने की हमारी बारी है।"

अमेरिका पर भारी टैरिफ लगाने वाले देशों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा और अनगिनत अन्य देश हमसे बहुत ज़्यादा टैरिफवसूलते हैं। यह बहुत अनुचित है। उन्होंने कहा, हमारे उत्पादों पर चीन का औसत टैरिफ हमसे दोगुना है और दक्षिण कोरिया का औसत टैरिफ चार गुना ज़्यादा है। उन्होंने कहा कि पारस्परिक टैरिफ एक अप्रैल से नहीं, बल्कि दो अप्रैल से लागू होंगे, क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि यह 'अप्रैल फूल दिवस' के साथ मेल खाए। उन्होंने कहा, "मैं इसे एक अप्रैल से लागू करना चाहता था, लेकिन नहीं चाहता हूं कि इसे अप्रैल फूल्स डे के रूप में आरोपित किया जाए... यह बहुत पैसा है... 02 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे। हम पर जो देश टैरिफ लगाते हैं, हम उन पर टैरिफ लगाएंगे। अगर वे हमें अपने बाज़ार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक टैरिफ लगाते हैं, तो हम भी लगाएंगे।" उन्होंने कहा, "हमने उन्हें हमारे बाजार से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं खड़ी की हैं।÷

अमेरिका को निर्यात में मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स, दूरसंचार उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक घटक शामिल हैं। रक्षा उपकरणों का व्यापार लगातार बढ़ रहा है।

इससे पहले श्री ट्रंप ने भारत समेत ब्रिक्स देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफलगाने की धमकी दी थी। अगर वे अमेरिकी डॉलर को कमजोर करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ब्रिक्स देशों द्वारा प्रतिद्वंद्वी मुद्रा बनाने का कोई भी प्रयास ऐसे टैरिफको जन्म देगा। यह आक्रामक रुख अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को जारी रखने की अमेरिका की नीति को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान भी ऐसा कहा था

गौरतलब है कि पिछले महीने व्हाइट हाउस में बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से साफतौर पर कह दिया था कि भारत को अमेरिका के पारस्परिक शुल्कों से नहीं बख्शा जाएगा। ट्रम्प प्रशासन ने मंगलवार को अपने पड़ोसी देशों और कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। अमेरिका ने मंगलवार को चीनी वस्तुओं पर शुल्क को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया, जिसमें फेंटेनाइल उत्पादन में चीन की कथित भूमिका पर कार्रवाई न करने का हवाला दिया गया। भारत का अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष बढ़ रहा है। पिछले दशक में, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा और टेक्सटाइल में मजबूत निर्यात के कारण अमेरिका के साथ भारत का माल व्यापार अधिशेष दोगुना होकर 35 अरब डॉलर हो गया है, जो अब पारस्परिक शुल्क उपायों के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं। अमेरिका से भारत के आयात में पेट्रोलियम कच्चा तेल, मोती, कीमती पत्थर, विद्युत मशीनरी, विमान के पुर्जे और सैन्य उपकरण शामिल हैं।

तेजस का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण

नई दिल्ली(वार्ता)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जायेगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया गया। इसमें समुद्र तल से 50,000 फुट की ऊँचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों को पूरा किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी ने मंगलवार को किये।

ये परीक्षण विमान के ऊंचाई पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और लैंडिंग के दौरान किये गये। सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन से उड़ान की मंजूरी के बाद, सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह वास्तविक समय में ऑक्सीजन उत्पादन सुनिश्चित करेगा, जिससे पायलट की सहनशक्ति और परिचालन प्रभावशीलता बढ़ेगी। उचित संशोधनों के साथ, इस प्रणाली को मिग-29 के और अन्य विमानों में उपयोग के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर डीआरडीओ, वायु सेना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और उद्योग भागीदारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विकास अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है और 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने भी सफल परीक्षण में योगदान के लिए डीआरडीओ टीम, वायु सेना और उद्योग भागीदारों की सराहना की।

स्मृति ईरानी ने एआई में लैंगिक पक्षपात दूर करने पर दिया जोर

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को लैंगिक समानता के लिए तकनीक की समानता पर जोर दिया। महिला सशक्तीकरण को लेकर इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स सम्मेलन में ईरानी ने एआई में शामिल प्रणालीगत पक्षपात के बारे में बात की। साथ ही इस असमानता को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों को महिला सशक्तीकरण पर ध्यान देने के लिए डिजिटल समानता को प्राथमिकता देनी चाहिए। आज एआई के इस दौर में पुरुषों का महिलाओं और महिलाओं का पुरुषों से मुकाबला नहीं है। बल्कि मानवता का मुकाबला है कि एआई हमारे साथ क्या करने वाला है? एक शोध में सामने आया है कि दुनिया के 133 एआई सिस्टम में से 44 फीसदी एआई लैंगिक समानता पर जोर नहीं देते हैं। उन्होंने एआई से जुड़ी वित्तीय प्रणाली में लैंगिक असमानता का एक उदाहरण भी दिया। स्मृति ईरानी ने कहा कि एक महिला जिसकी आय, टैक्स रिटर्न और वित्तीय स्थिति अपने पति के समान है उसको पति से 10 फीसदी कम क्रेडिट लिमिट का प्रस्ताव दिया जाता है।

'पाकिस्तान की जेल में बंद हैं गुजरात के 144 मछुआरे'

गांधीनगर। पाकिस्तान की जेल में बंद मछुआरों को लेकर गुजरात सरकार ने विधानसभा में बड़ी जानकारी दी। सरकार ने कहा कि गुजरात के 144 मछुआरे पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। इसमें से 22 को बीते दो साल में पकड़ा गया है।

कांग्रेस के विधायक दल के नेता अमित चावड़ा द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में राज्य के मत्स्य पालन मंत्री राघवजी पटेल ने विधानसभा में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कुल 144 मछुआरों में से 22 को बीते दो साल में पाकिस्तान ने पकड़ा है। इसमें 2023 में नौ और 2023 में 13 मछुआरे पकड़े गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने पिछले दो साल में 432 भारतीय मछुआरों को रिहा भी किया है। जनवरी 2025 तक 144 मछुआरे पाकिस्तान कर हिरासत में हैं। कांग्रेस विधायक शैलेश परमार के सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि दिसंबर 2024 तक भारत की 1173 मछली पकड़ने वाली नावें पाकिस्तान के कब्जे में हैं। पिछले दो साल में एक भी नाव वापस नहीं लौटाई गई है। मंत्री पटेल ने कहा कि राज्य सरकार मछुआरों की रिहाई को लेकर पिछले दो साल से लगातार गृह मंत्रालय को उनकी राष्ट्रीयता से जुड़े दस्तावेज मुहैया करा रही है। पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी लगातार गुजरात के मछुआरों को हिरासत में लेती है।

औरंगजेब पर टिप्पणी मसले में अबू आजमी विधानसभा से निलंबित

मुंबई। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी पर बड़ी कार्रवाई की गई है। औरंगजेब से जुड़ी टिप्पणी मामले में उन्हें विधानसभा के मौजूदा सत्र से निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने सदन में उनके खिलाफप्रस्ताव पेश किया। सदन ने प्रस्ताव को पारित कर दिया।निलंबन के बाद सपा विधायक ने कहा कि सदन चलता रहे, यह सुनिश्चित करने के लिए मैंने अपना बयान वापस लेने की बात कही थी। मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा। फिर भी विवाद हो रहा है और सदन की कार्यवाही बाधित हो रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सदन चलता रहे और बजट सत्र के दौरान कुछ काम हो जाए। मैंने सदन में नहीं, बल्कि विधानसभा के बाहर दिया गया अपना बयान वापस लिया। फिर भी मुझे निलंबित कर दिया गया है। इससे पहले अबू आसिम आजमी के मुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ वाले बयान का मुद्दा मंगलवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों में छाया रहा था।

सत्तारूढ़ गठबंधन 'महायुति' के सदस्यों ने आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित करने और उनके खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की, जिसके बाद वह अपने बयान से पलट गए थे। मुंबई पुलिस ने अबू आजमी के खिलाफमुगल बादशाह औरंगजेब की तारीफ करने वाली टिप्पणी के मामले की जांच शुरू कर दी थी।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-742, श्रीमती अनुपमा देशमुख पति श्री शैलेश देशमुख के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्रमांक 52 दिनांक 08.06.2017 द्वारा नामांतरित है। वर्तमान में नामांतरि श्रीमती अनुपमा देशमुख पति श्री शैलेश देशमुख , निवासी एल.आई.जी.-742, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेजबहार कालोनी, रायपुरा, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती इंदु ठाकुर पति श्री लोकेश्वर सिंह ठाकुर निवासी एस-6ए/23, रोड नं. 06 सुमेरू मठ सेक्टर-02, प्रोफेसर कालोनी, पुरानी बस्ती रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय/वित्तीय संस्था बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, बालोद जिला बाालेद (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ब 121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता ग्रामवासी ग्राम झलमला तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक मधु कुमार तिवारी पिता सरजू प्रसाद निवासी ग्राम झलमला तहसील व जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक का जन्म दिनांक 01.04.1963 को हुआ है। आवेदक नियमों की जानकारी के अभाव में जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवा पाया है। आवेदक जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय बाबत निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति अथवा अवक्षेप हो तो इस प्रकरण में पेशी दिनांक 17/03/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर द्वारा जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला -बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ग्राम- बालोद
तहसील - बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती चुम्मन उइके पति श्री धर्मेंद्र कुमार उइके निवासी ग्राम उमरादाह तहसील व जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 864/32 रकबा 0.018 हे. कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0.018 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ- आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 19/03/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 03/03/25 को जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट नं. -- ग्राम बालोद
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पेखन कुमार पिता श्री जीतराम साहू अन्य 01 निवासी ग्राम बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 1170/39 रकबा 0.016 हे. कुल रकबा 0.016 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ- व्यवसायिक (दुकान) प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को व्यवसायिक (दुकान) प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 19/03/25 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/25 को जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18547 दिनांक 04.03.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N01271 जो कि निगम अभिलेख में श्री MS K R CREATIONS DWARA NAVIN NAGWANI पिता श्री HARJAS RAI NAGWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती SASHIM CHAKRABOTY पिता/पति श्री S/O SHRI J. CHANRABIRTY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा
जोन कमिश्नर
जोन (10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18094/ दि.- 03.03.2025
वार्ड का नाम- 44- ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी. RPR759C00106 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAYAZUDDIN KHOKHAR पिता/पति श्री/श्रीमती LATE NASRUDDIN KHOKHAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती विनोद सांगोड़े पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. हेमराज सांगोड़े ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, परिचय दस्तावेज, मलमा बिक्रीनामा व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

श्री अरुण ध्रुव
जोन कमिश्नर
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 18698/ दि.- 03.03.2025
वार्ड का नाम- 44- ब्राम्हणपारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आईडी. RPR759E00094 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MRS. CHANCHALA JHA पिता/पति श्री/श्रीमती NAMOTHATH JHA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. योगेश कुमार झा 2. नरेश कुमार झा पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. नमोनाथ ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, परिचय दस्तावेज व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें

श्री अरुण ध्रुव
जोन कमिश्नर
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपाालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा
(फोन/फैक्स नं. 07856-2522362 ई मेल- eedan-phe-cg@nic.in)
निविदा सू. क्र./70/ले.शा./लो.स्वा.यां./2025 दन्तेवाड़ा, दिनांक 27/02/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन व्यवस्था प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र आईटम दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु (Online) निविदा क्रमांक 66 आमंत्रित की गयी थी किंतु समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं होने के कारण उसे निरस्त कर पुनः निविदा क्रमांक 70 आमंत्रित की गयी है।

कार्य का नाम :- Empanelment of the Third Paty Inspectin Agencies (TPIS) under Jal Jeevan Mission work

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्रमांक	कार्य का विवरण/ग्राम/विकासखण्ड	निविदा आमंत्रण	अनुमानित लागत (करोड़ में)
1	165240	The submission of proposal by a consultant/ organization/agency as Third Party Inspection Agencies (TPIs) for inspection of different works under rural water supply which includes in-village infrastructure works in:- (1) Retrofitting of 53 Villages, (2) New single village schemes in 172 Villages (3) Solar based schemes as a part of SVS or Retrofitting schemes. It implies that consultant/ organization/agency has read the detailed EoI	तृतीय काल	113.33
		कुल योग		**113.33**

निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी वेबसाईट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है।

टीप :- निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.03.2025 है।

जी-242505704/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

संक्षिप्त खबरें

झांसा देने वाले बिल्डर पर रेरा ने लगाई 50 लाख की पेनाल्टी

रायपुर । फर्जीवाड़ा कर लोगों को लुभावने आफर में पंसाने के मामले में रेरा ने जमीन, मकान, फ्लेट खरीदने वालों की शिकायत पर एक्शन लेते हुए शैली इस्टेट एंड डेवलेपर के सर्वेसर्वा राकेश सोनी के खिलाफ 50 लाख की पेनाल्टी लगाई है। राजधानी के नगरिकों ने मारूति इंफ्रा सिटी में प्लॉट खरीदकर SHAILY ESTATES & DEVELOPERS से घर बनवाने के लिए एग्रीमेंट किया। लोगों को अपने झांसे में लेने के लिए उक्त डेवलपर ने टीवी, एसी और मॉड्यूलर किचन देने के ऑफर दिए। लेकिन बीचमें ही आधा काम छोड़कर ये फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ति परिवार रेरा पहुंचे। लेकिन उक्त ठेकेदार रेरा अफ्रूवड नहीं था। यही कारण है कि पेनाल्टी की राशि 45 दिनों के भीतर जमा न करने पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही है। इसलिए रेरा हमेशा सावधानी बरतने की अपील जमन मकान खरीदने वालों से करता रहा है। कि बिना रेरा अप्रूव्ड बिल्डर से डील न करें।

जाम से मुक्ति की कवायद शुरू, अवैध ठेला-गुमटी को हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। शहर सरकार के बदलते ही राजधानी की ट्रैफिक को सुधारने के लिए कवायद शुरू हो गई है। इस कड़ी में बुधवार को अवैध दुकानों और ठेला को हटाने का अभियान शुरू हुआ। नगर निगम के अमले ने पुलिस बल की मौजूदगी में जय स्तंभ चौक से लेकर फाफाडीह चौक तक सड़क के इर्द-गिर्द बने अवैध दुकानों, ठेलों और गुमटियों को बुलडोजर से हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान पुलिस और नगरीय निकाय की टीम से दुकानदारों की झूमाझटकी भी हुई। रायपुर में अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई! मौदहा पारा में सालों बाद प्रशासन ने अवैध दुकान, ठेला और गुमटी पर बुलडोजर चलाया। सड़क पर लगी सभी दुकानों को हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुधरने की उम्मीद है।

पेट्रोल पंप मालिक की कार को बदमाशों ने मारी टक्कर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं. ताजा मामला माना थाना क्षेत्र का है, जहां पेट्रोल पंप के मालिक को बदमाशों ने लूट लिया. वारदात को अंजाम देने के लिए दो बदमाशों ने पहले व्यापारी की कार को टक्कर मारी और फिर मारपीट कर 76 हजार रुपए छीनकर फरार हो गए। मामले की शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, पेट्रोल पंप व्यापारी हरीश अग्रवाल ने माना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह एस फ्यूल से अपने घर समता कॉलोनी लौट रहे थे। रास्ते में कमल विहार चौक के पास जैसे ही उनकी कार एक ब्रेकर के पास पहुंची, तो दो बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी. इसके बाद हरीश अग्रवाल गाड़ी से उतरकर देखने लगे और बदमाशों से गाड़ी सही तरीके से चलाने की बात कही, तभी दोनों बाइक सवारों ने हरीश अग्रवाल के साथ मारपीट शुरू कर दी और उन्हें जमीन पर गिरा दिया. इसके बाद उनके जेब में रखे 76 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए. इस हमले में हरीश अग्रवाल को हल्की चोटें आई हैं।घटना के बाद व्यापारी ने माना थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है.

महिला शिक्षिका के साथ दुष्कर्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के आरंग में शिक्षिका के साथ दुष्कर्म की शर्मनाक घटना सामने आई है। अज्ञात बदमाश ने देर रात घर घुसकर घटना को अंजाम दिया। शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया है। मामला आरंग थाना क्षेत्र का है. जानकारी के मुताबिक, 2 फरवरी की रात शिक्षिका घर में अकेली थी. वह खाना खाने के बाद सोने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान अज्ञात बदमाश अचानक घर में घुस आया और पीड़िता से मारपीट करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। पीड़िता ने इसकी सूचना आरंग पुलिस को दी। आरंग पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश में जुट गई है।

9 बोतल कफ सिरप,16 नशीली गोलियां के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मरीन ड्राइव के पास कफ सिरप और नशीली गोलियों के साथ एक आरोपी के खिलाफ तेलीबांधा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में कोर्ट ने आरोपी को दो अलग-अलग धाराओं में 5-5 साल कैद और 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। ये सजा पंकज कुमार सिन्हा, विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) के कोर्ट द्वारा सुनाई गई है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक तेलीबांधा थाना के मौलीपारा निवासी दयाराम रादव (32) पिता राहुल यादव के खिलाफ 29 जून 2021 को तेलीबांधा थाना पुलिस ने 9 बोतल कफ सिरप और 16 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ तेलीबांधा थाने में एनडीपीएस की दो अलग-अलग धाराओं पर मामला दर्ज किया गया था. अब कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ 5-5 साल कैद और एक लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है, कोर्ट ने दोनो धाराओं के तहत सुनाई गई।

छंटनी रोकने और लंबित वेतन दिलाने की मांग

मनरेगा कर्मचारियों ने डिप्टी सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विकास आयुक्त कार्यालय ने हाल ही में मनरेगा विभाग में छंटनी के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर मनरेगा के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने आज डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नाम पर ज्ञापन सौपा है। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से विभाग में छंटनी को रोकने और लंबित वेतन दिलवाने की मांग की है। हाल ही में छत्तीसगढ़ विकास आयुक्त कार्यालय ने पत्र जारी कर महात्मा गांधी मनरेगा के कुल स्वीकृत पदों में से खाली पद से अतिरिक्त संख्या में अगर कर्मचारियों की नियुक्ति कलेक्टर दर पर की गई हो, तो ऐसे कर्मचारियों की सेवाएं तत्काल समाप्त की जाए। किसी भी परिस्थिति में स्वीकृत पद की तुलना में अधिक कर्मचारियों को नियोजित न की जाए।

प्रदेश महामंत्री प्रवीण कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 800 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी छत्तीसगढ़ राज्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना विभाग में विगत 10 वर्षों से कार्यरत हैं। सभी श्रमिक दर पर कार्यरत हैं। लेकिन इस आदेश से हम सभी कर्मचारी इस आदेश से हतप्रभ हैं।

प्रवीण सिंह ने कहा कि मनरेगा विभाग के साथ-साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों एवं लोकसभा, विधानसभा, त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्यों का संपादन दिन-रात किया जा रहा है. इनके बावजूद हमारी सेवाएं समाप्त की जा रही है, जो अनुचित है. प्रवीण ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों से मनरेगा विभाग में संविदा पदों पर भर्ती नहीं हुई, जिनके कारण मनरेंगा कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के लिए हम सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को जनपद व जिला में नियुक्त किया गया है।

आवास, महतारी वंदन व शासन के अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को समय पर पूरा करनें के लिए भी हमारी ड्युटी लगाया जाता है। परंतु इस प्रकार आदेश जारी कर हमें एकाएक कार्य से निकाला जा रहा है। जिसके कारण हम बेरोजगार हो जाएंगे। हमारे परिवार के भरण पोषण में विकट समस्या आ जाएगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष सीमांत प्रजापति ने बताया कि मनरेगा कर्मचारियों ने अतिरिक्त कार्यरत कलेक्टर दर कर्मचारियों के लिए जारी आदेश कों स्थगित कर उन्हें समायोजित कर यथावत कार्य में रखने के लिए आदेश जारी करने की मांग की है।

संभागायुक्त कावरे ने विभागीय परीक्षा का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। संभागायुक्त महादेव कावरे ने बुधवार को छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में आयोजित विभागीय परीक्षा का निरीक्षण किया गया। इस परीक्षा में सुबह की पाली 10 बजे से 1 बजे में कुल 37अधिकारी उपस्थित थे जिसमे राजस्व के 15 महिला एवम बाल विकास से 18 माइनिंग आदिवासी विकास के 2पंजीयन विभाग के 1 अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान उपायुक्त ज्योति सिंह और रजक डिप्टी कलेक्टर उपस्थित रहे, विभागीय परीक्षा 10 मार्च तक चलेगी।

बिजली कंपनी को 45 सौ करोड़ रुपए का घाटा

छत्तीसगढ़ के उपभोक्ताओं को लग सकता है झटका

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को महंगी बिजली का झटका देने की तैयारी है। राज्य पावर कंपनी ने बिजली नियामक आयोग में नए सत्र के लिए लगाई गई याचिका में 45 सौ करोड़ का घाटा बताया है।

उसे पूरा करने के लिए नया टैरिफलागू करने की सिफारिश की है। पावर कंपनी का पूरा लेखा-जोखा देखने और जनसुनवाई के बाद ही यह तय किया जाएगा कि वास्तव में घाटे से उबारने के लिए बिजली की दरें बढ़ाई जाए या नहीं। बिजली कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल जनसुनवाई की तारीख तय नहीं की गई है। मगर, मार्च के अंत तक तय होने की पूरी संभावना है।

उसके बाद ही नया टैरिफ तय होगा। कंपनी हर साल दिसंबर में नियामक आयोग को नए टैरिफ के लिए प्रस्ताव भेजती है। इसमें आमतौर पर पावर कंपनी अपनी तरफसे बिजली का टैरिफकितना बढ़ाना है, इसका कभी भी प्रस्ताव नहीं भेजती है।केवल अपना लेखा-जोखा ही भेजती है। इसको देखने के बाद नियामक आयोग तय करता है कि वास्तव में कंपनी को कितने पैसों को जरूरत है और वास्तव में उसका खर्च कितना होगा। इसके बाद जो कमी रहती है, उसके हिसाब से टैरिफमें इजाफा होता है। पावर कंपनी ने पिछले साल जून में 2024-25 सत्र का टैरिफ तय किया था। पावर कंपनी ने बीते साल भी नए सत्र में फायदा और पुराना अंतर बताया था। इसे आयोग ने तय किया। इसी के साथ प्रदेश सरकार ने एक हजार करोड़ अपनी तरफ से दिए थे, ऐसे में उपभोक्ताओं को कम झटका लगा।

इस सत्र में हर वर्ग की बिजली 20 से 25 पैसे यूनिट बढ़ी

इस सत्र में लगभग हर वर्ग की बिजली 20 से 25 पैसे यूनिट बढ़ी है। नए सत्र के लिए भी करीब-करीब फिर वैसी ही स्थिति बन रही है। ऐसे में संभावना है कि 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली महंगी हो सकती है। अगर प्रदेश सरकार की ओर से मदद मिलती है, तो इस बार भी मामूली वृद्धि हो सकती है।

ऐसे समझें आंकड़ा

कंपनी ने 2025-26 के लिए जो प्रस्ताव आयोग को भेजा है, उसमें बताया है कि इस सत्र में कंपनी 24,652 करोड़ की बिजली बेचेगी। इसके मुकाबले में कंपनी का खर्च 23, 082 करोड़ होगा। ऐसे में कंपनी को 1,570 करोड़ का लाभ होगा।

मगर, 2023-24 में कंपनी को अनुमान से 6130 करोड़ कम पड़े। ऐसे में इस अंतर की राशि में 1,570 करोड़ को घटाने के बाद भी 4,560 करोड़ का अंतर आ रहा है। इस अंतर के लिए ही टैरिफ बढ़ाने की मांग की गई है।

रायपुर में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का आगाज

8 मार्च को भिड़ेंगी सचिन और लारा की टीमें

रायपुर/नवप्रदेश। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का आगाज हो चुका है। इस बार छह देशों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस लीग का 12वां मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस लीग में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, पठान ब्रदर्स के साथ-साथ वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा भी एक बार फिर से मैदान में उतरेंगे और चौके-छक्कों की बौछार करेंगे. रायपुर में कुल छह रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। जिसमें दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच भी होंगे। ये मैच दर्शकों के लिए खास होंगे, क्योंकि उन्हें स्टेडियम में लाइव देखने का मौका मिलेग। मैच की तैयारियां जोरों पर हैं, और आनलाइन टिकट बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। लीग के मैचों के लिए मुंबई, लखनऊ और रायपुर के स्टेडियम का चयन किया गया है। लीग मैचों में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन दिखाया है. ऐसे में संभावना है कि इंडिया फाइनल में पहुंच सकती है. क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह एक खुशी की खबर है कि फाइनल मैच रायपुर में आयोजित होगा. सात मार्च को खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे और इसके बाद अभ्यास करेंगे. मैच 7-30 बजे से शुरू होगा. टिकटों की बिक्री पहले दिन क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ियों को देखने के लिए लोगों ने टिकट खरीदने शुरू कर दिए हैं।स्टेडियम में सबसे सस्ती टिकट 500 रुपये की है. इसके लिए दो ब्लाक विशेष रूप से निर्धारित किए गए हैं. वहीं लोअर टिकट की कीमत 1000 रुपये, गोल्ड 6000 रुपये, प्लेटिनियम 8000 रुपये और कापरिट बाक्स टिकट 10,000 रुपये रखी गई है. केवल इंडिया और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले मैच की टिकट भी काफी महंगी है. बाकी मैचों की टिकट की शुरुआत 100 रुपये से हो रही है.

राज्य प्रशासनिक सेवा से प्रमोट हुए आईएएस अफसरों को बैच अलॉट

रायपुर/नवप्रदेश । राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत हुए अधिकारियों को उनके बैच का आवंटन कर दिया गया है. केंद्र सरकार के आदेशानुसार 2021 से 2023 की चयन सूची में शामिल अधिकारियों की वरिष्ठता और बैच निर्धारण किया गया है। इस संबंध में जारी किये गए आदेश के अनुसार कुल 10 अधिकारी हीना अनिमेष नेताम, अश्विनी देवांगन, डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, आशुतोष पांडे, अजय कुमार अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश कुमार, प्रकाश कुमार, गजेन्द्र सिंह ठाकुर और तनुजा सलाम का नाम शामिल है।

जारी आदेश के अनुसार- 2021 चयन सूची में हीना अनिमेष नेताम को 2016 बैच और अश्विनी देवांगन को 2018 बैच मिला। 2022 चयन सूची में डॉ. रेणुका श्रीवास्तव और आशुतोष पांडे को 2019 बैच में स्थान दिया गया।

2023 चयन सूची में अजय कुमार अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश कुमार, प्रकाश कुमार, गजेन्द्र सिंह ठाकुर और तनुजा सलाम को 2019 बैच में शामिल किया गया।

पूर्व सीएम ने एक्स पर लिखा 'सत्यमेव जयते'

रायपुर/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ के चर्चित सेक्स सीडी कांड मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बड़ी राहत मिली है। सीबीआई की विशेष अदालत ने आज भूपेश बघेल के खिलाफ लगाई गई सभी धाराएं हटाते हुए उन्हें बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा, बघेल के खिलाफ मुकदमा चलाने का कोई आधार ही नहीं है. वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है -सत्यमेव जयते'।

क्या है सेक्स सीडी कांड मामला ?

छत्तीसगढ़ में सेक्स सीडी कांड का मामला अक्टूबर 2017 में आया था. इसमें दावा किया गया कि इस सेक्स सीडी कांड में तत्कालीन मंत्री राजेश मूणत हैं। इसके बाद रायपुर के सिविल लाइन थाने में केस दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली से पत्रकार विनोद वर्मा को गिरफ्तार किया था. कांग्रेस ने इसे साजिश बताया था, जिसके बाद इस मामले में सितंबर 2018 में भूपेश बघेल की गिरफ्तारी हुई थी। भूपेश बघेल उस समय छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे। इस पूरे मामले में भूपेश बघेल पर साजिश रचने का आरोप लगा था, जिसके बाद भूपेश बघेल कोर्ट में जमानत लेने से इनकार कर दिया था. बघेल के समर्थन में छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने जगह-जगह प्रदर्शन किए थे. भूपेश बघेल की गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह सभाएं की थी. 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे। इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को जीत मिली थी, जिसके बाद भूपेश बघेल राज्य के मुख्यमंत्री बने थे।

जानिए कौन-कौन हैं आरोपी

सेक्स सीडी कांड मामले में मुख्य आरोपी कैलाश मुरारका, पूर्व सीएम के मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा, भूपेश बघेल, विजय पांड्या, विजय भाटिया को आरोपी बनाया गया है. जबकि इस मामले के आरोपी रिंकू खनूजा की मौत हो चुकी है. आज सीबीआई की विशेष अदालत ने मामले की सुनवाई के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल के खिलाफ लगाई गई सभी धाराएं हटाते हुए उन्हें बरी किया।

छत्तीसगढ़ी सिनेमा का होली मिलन समारोह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत की रंगीन शाम का उल्लास, संगीत की धुनों पर थिरकते कदम और गुलाल में घुली खुशियों की सौगात-'रंग सरोवर' होली मिलन समारोह एक भव्य और यादगार आयोजन बनने जा रहा है।छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों की मौजूदगी इस कार्यक्रम को और भी खास बनाएगी, जहां कला और संस्कृति के रंगों में सराबोर होकर कलाकार होली का आनंद लेंगे। रविवार को आर्टिस्टिको एंटरटेनमेंट कैंपस, विशाल नगर में बैठक आयोजित कर यह तय किया गया कि 11 मार्च को संध्या 4:00 बजे से यह भव्य आयोजन सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो, ग्राम जोरा में आयोजित किया जाएगा।

यह न केवल रंगों के त्योहार को मनाने का अवसर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ी सिने प्रेमियों के लिए भी एक सुनहरा अवसर होगा, जहां वे अपने पसंदीदा सितारों को करीब से देख सकेंगे। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत के तमाम बड़े कलाकार, निर्देशक और निर्माता एक मंच पर होंगे।

आयोजन समिति की बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत संतोष जैन (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सिने एंड टीवी प्रोड्यूसर एसोसिएशन), राजीव श्रीवास्तव (पूर्व डीजीपी आईपीएस, पूर्व खेल संचालक, पूर्व संस्कृति संचालक), संरक्षक योगेश अग्रवाल (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्रीज एसोसिएशन), एन. माही फिल्म के चेयरमैन मोहित साहू, वरिष्ठ अभिनेता डॉ. अजय सहाय, सुभाषिनी जॉर्ज, नितेंद्र सिन्हा सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

समारोह | रायपुर क्षेत्र के 60 लाइन कर्मियों का सम्मान

लाइनमेन वितरण तंत्र की नींव : भीम सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के गुढ़ियारी स्थित कल्याण भवन में बुधवार को लाइनमेन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर शहर क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के 60 लाइन कर्मियों को प्रबंध निदेशक(डिस्ट्रीब्यूशन) कंवर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संदीप वर्मा एवं मुख्य अभियंता एम. जामुलकर उपस्थित थे।

इस अवसर पर सिंह ने कहा कि लाइनमेन वितरण तंत्र की नींव हैं जिसके बूते प्रदेश भर के 64 लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने लाइनमेन स्टाफ को सुरक्षा शपथ दिलाई और आव्हान किया कि सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्यस्थल पर सेफ्टी जोन बना कर शांत मन से कार्य करें। सुरक्षा उपकरणों का उपयोग पूरी सावधानी के साथ करें। उन्होंने प्रबंधन स्तर पर कनिष्ठ अभियंताओं और सहायक अभियंताओं को निर्देशित किये कि मैदानी स्तर पर लाइन सुधार कार्यो को अपने निरीक्षण एवं मार्गदर्शन में संपादित करवायें।कार्यपालक निदेशक (रायपुर ग्रामीण) संदीप वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर गरियाबंद से भूपेश ध्रुव, सारागांव से जोगेश्वर वर्मा और भिलाई से परमेश्वर चन्द्राकर को सुरक्षा मापदण्डों का पालन करते हुए उत्कृष्ट कार्य के लिए दिल्ली में सम्मानित किया गया। वर्मा ने अपने उद्बोधन में जीरो एक्सीडेंट के लक्ष्य को प्राप्त करने पर जोर दिया। साथ ही लाइनमेन स्टाफको सुरक्षा उपकरणों और सावधानी के साथ कार्य करने की अपील की।

सुविचार

यह कटु सत्य है कि सच बोलने और सच लिखने वाले की न तो बोली मीठी होती है न शब्द। - अज्ञात

भारतीय शेरों ने किया कंगारूओं का शिकार

चैपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल में टीम इंडिया के शेरों ने कंगारूओं का शिकार करके दो साल पहले विश्व कप के फाइनल में आस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार का बदला ले लिया। गौरतलब है कि नवंबर 2023 में विश्व कप के फाइनल में टीम इंडिया को आस्ट्रेलिया के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया की हार से भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों में गहरी निराशा फैल गई थी और वह उस समय आक्रोश के रूप में तब्दील हो गई थी। जब आस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ी ने विश्वकप पर अपना पांव रखकर फोटो सेशन कराया था। जिस विश्व कप को भारतीय टीम या दुनिया की और भी कोई टीम सिर माथे पर लेती है उसके ऊपर पांव रखकर अपनी हेकड़ी दिखाई थी। आस्ट्रेलिया को उसका यही घमंड ले डुबा। दुबई में खेले गये सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और उसने 264 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। दुबई में यह अब तक का सबसे बड़ा स्कोर था जिसे देखकर लगा की टीम इंडिया के लिए जीत पाना बेहद मुश्किल होगा लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने चमत्कार कर दिखाया और दो ओवर शेष रहते इस लक्ष्य को पार कर दिया। भारतीय टीम के विकेट कीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने छक्का जड़कर आस्ट्रेलियाई टीम के छक्के छुड़ाकर रख दिये। इसके पहले भारतीय टीम के ओपनर शुभमन गिल और रोहित शर्मा जल्दी आउट हो गये थे। इसके बाद चेज मास्टर विराट कोहली क्रीज पर आये और उन्होंने आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की बखिया उधेडनी शुरू कर दी। विराट कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ 88 रनों की पाटनरशिप की और टीम इंडिया को जीत की राह पर अग्रसर कर दिया। विराट कोहली ने 84 रनों की आर्षक बल्लेबाजी की लेकिन दुर्भाग्यवश वे शतक जड़ने से चूक गये। जब विराट कोहली आउट हुए तब भारत जीत की दहलीज पर दस्तक दे रहा था। विराट के बाद अक्षर पटेल और हार्दिक पंडया ने भी अच्छे हाथ दिखाये और आखिर में केएल राहुल ने विजयी छक्का लगाकर टीम इंडिया को जीत दिला दी और टीम इंडिया को फाइनल में पहुंचा दिया। इसके पहले आस्ट्रेलिया जब बल्लेबाजी कर रहा था तो टीम इंडिया के गेंदबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन किया। मोहम्मद सामी ने अपने दस ओवरों में 48 रन देकर तीन विकेट चटकाये। वहीं पिछले मैच में पांच विकेट लेने वाले वरूण चक्रवर्ती ने दो विकेट लिये। रविन्द्र जडेजा ने भी दो विकेट लिये एक विकेट अक्षर पटेल को मिला। टीम इंडिया की घातक गेंदबाजी के कारण ही आस्ट्रेलिया 264 रनों पर ढेर हो गई। और टीम इंडिया ने शुरूआती संघर्ष के बाद बड़ी ही आसानी से यह मैच जीत लिया। अब टीम इंडिया चैपियन्स ट्रॉफी से बस एक कदम दूर रह गई है। पाकिस्तान में खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में से जो भी टीम जीतेगी वह 9मार्च को दुबई में भारत के खिलाफ फाइनल खेलेगी। टीम इंडिया ने अपने ग्रुप में सभी मैच शानदार तरीके से जीते हैं और सेमीफाइनल में भी उसने जिस तरह आस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया है उसे देखते हुए टीम इंडिया फाइनल मैच भी जीतने में निश्चित रूप सफल होगी। भारतीय क्रिकेट प्रेमी दुआ कर रहे हैं कि एक बार फिर टीम इंडिया चैपियन्स ट्रॉफी लेकर ही लौटे। उम्मीद की जानी चाहिए कि टीम इंडिया नया इतिहास रचने में जरूर कामयाब होगी।

ऐसे में भला कैसे होगा महिला सशक्तीकरण

एक ओर तो सरकार राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की कवायद कर रही है। वहीं दूसरी ओर महिला जन प्रतिनिधियों को अपने पतियों के कारण अपने अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। इसका एक उदाहरण छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले की एक ग्राम पंचायत परसवारा में देखने को मिला। जहां नवनिर्वाचित सरपंच और पंचों को शपथ दिलाई गई थी इस शपथग्रहण समारोह में छह महिला पंचों की जगह उनके पतियों को शपथ दिला दी गई। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि पंचायती राज व्यवस्था में महिला जन प्रतिनिधियों के साथ इस दोयम दर्जे का व्यवहार कर किया जा रहा है। वैसे भी आमतौर पर यही देखा जाता है कि महिला पंच या महिला सरपंच अथवा महिला पार्षद की जगह उनके पति ही नेतागिरी करते हैं। महिलाओं को नगरीय निकायों और पंचायतों में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का नियम है ऐसे जब भी कोई वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाता है तो उस वार्ड से सभी राजनीतिक दलों द्वारा किसी नेता की पत्नी को ही टिकट दिया जाता है ऐसी महिला प्रत्याशी अपने नाम के साथ अपने पति का नाम जोड़कर चुनाव प्रचार करती है और जब वह चुनाव में जीत जाती है तो उनके पति उन्हें कटपुतली की तरह अपने इशारे पर काम कराते हैं। ऐसे में भलामहिला सशक्तिकरण कैसे हो पोयगा। खासतौर पर तब जबकि निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि की जगह उनके पति शपथग्रहण करने का दुस्साहस दिखाने लगे। इस प्रवृत्ति पर कड़ाईपूर्वक रोक लगाने की सख्त जरूरत है। और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए जिन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों को उनके अधिकार से वंचित कर लोकतांत्रिक व्यवस्था का मजाक बनाया है। अफसोस की बात है कि ग्राम परसवारा में हुई इस घटना के बाद अब तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

प्रेरक प्रसंग

मृतक को दाह-संस्कार के लिए जाते देख एवं जरा-व्याधि से ग्रस्त व्यक्ति को पीड़ा पाते देख, राजकुमार सिद्धार्थ के मन में वैराग्य का जन्म हुआ। उन्होंने वैराग्य के उन्हीं क्षणों में राजमहल को छोड़ने की तैयारी कर ली। उनके राजमहल छोड़ते समय उनका बालसखा और सहायक चन्ना भी उनके साथ था। सिद्धार्थ व चन्ना दो अश्व लेकर राज्य की सीमा तक पहुँचे।

वहाँ पहुँचकर सिद्धार्थ ने तलवार से अपने केश काटे और चन्ना को वापस लौट जाने का आदेश दिया।

इसके बाद सिद्धार्थ वन प्रदेश में चले गए, जहाँ उन्हें एक शिकारी मिला। उन्होंने शिकारी से अपने वस्त्रों का आदान-प्रदान करने को कहा, जिसके लिए वह सहर्ष तैयार हो गया। सिद्धार्थ को राजसी वस्त्रों को यों त्यागते देख शिकारी ने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो सिद्धार्थ बोले- "मित्र ! जब मैं संन्यास-पथ पर बढ़ चला हूँ तो मुझे उसी के अनुरूप वस्त्र धारण करने चाहिए। कार्य के अनुरूप परिधान होने से मन-मस्तिष्क पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है।"

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:46, सूर्यास्त : 06:20, चन्द्रोदय : 09:53, चन्द्रास्त : 24:30, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : रोहिणी, योग : विष्कुम्भ, प्रथम करण : तैतिल (12:51 तक), द्वितीय करण : गर (23:47 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : वृष (08:12 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित , पश्चिम , मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, वक्री), राहु : मी6न, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 22:53 से 24:23, सर्वार्थ सिद्धि योग : पूरे दिन, रवि योग : 06:38 से 25:08, विजय मुहूर्त : 14:25 से 15:12, गोधूलि मुहूर्त : 18:16 से 18:41, सायाह्न सन्ध्या : 18:18 से 19:32, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:53, राहुकाल : 13:30 से 15:56, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 08:06 से 09:33, दुर्मुहूर्त : 12:05 से 12:52, होमाहुति : बुध (25:08 से शुक्र), दिशाशूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पश्चिम (25:08 से), अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्र वास : पूर्व (दक्षिण 08:13 से)।

आने वाले कल के लिए जल के लिए भी सोचें

संजीव ठाकुर

राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1त्न से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है। 2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें। व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के लिए अत्यंत उपयोगी है। जल की एक-एक बूंद जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं।

सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैद्यपृथ्वी की सतह का लगभग 70त्न भाग जल से आच्छादित हैद्यपृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97त्न समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है द्यअतः मात्र 3त्न जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है।

यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है।

ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है।

जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है। प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है। जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी। जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा।

अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं। यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध ठ्ठशठ्ठ-द्द्श1द्गह्मठ्ठद्वद्गठ्ठह्लड्डद्य ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं। आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है। वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है। यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25त्न जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा।

यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है। वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5% है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1% से भी कम है। राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1% से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है। 2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा।

अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें। व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 886 में आज ही के दिन नर्सों की पहली पत्रिका नाइटिन्गेल प्रकाशित हुई थी। 1902 में 6 मार्च के दिन ही मशहूर फुटबॉल क्लब स्पेन के 'मैड्रिड क्लब' की स्थापना हुई थी। 1915 में आज ही के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रविन्द्रनाथ टैगोर पहली बार शांतिनिकेतन में मिले थे। 1924 में 6 मार्च के दिन ही इस्मेत इनोनु ने तुर्की में एक नई सरकार बनाई थी।1944 में आज ही के दिन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने मित्र देशों के साथ मिलकर बर्लिन पर भारी बमबारी की थी। 1947 में 6 मार्च के दिन ही भारत से ब्रिटिश सैनिकों को हटाए जाने का विरोध में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने की घोषणा की थी। 1947 में आज ही के दिन बॉम्बे से इकनोमिक टाइम्स का संपादन शुरू हुआ था। 1961 में 6 मार्च के दिन ही भारत का पहला वित्तीय डेली समाचार पत्र 'द इकोनोमिक टाइम्स' टाइम्स आफ इंडिया समूह द्वारा बॉम्बे में लॉन्च हुआ था। 1967 में आज ही के दिन जोसेफ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुंची थीं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मार्च, पतझड

मार्च, पतझड़ पर रसवंत अंकन फरवरी की जेब में सुगंधी की खुली पुड़िया वृक्षों के जर्जर तन पर अनंग का हार्दिक संस्पर्श जमी हुई स्वेद ग्रंथियों में अंकुरित हलचल मौसम का कोमल कोलाहल पवन का उत्तुंग भाव मार्च सब कुछ सहज लेता है जैसे नटखट बच्चे को सहेजती है एक मां।

– **कल्पना मनोरमा**

मन में था



मन में था जो दर्द निराला गीत-ग़ज़ल में उसको ढाला मन खेतों में प्रीत उगाई आँसू से की नित्य सिँचाइ रने को तो हम मर जाएँ। आह नहीं होंठों पर लाएँ ।। संग तुम्हारे बात निराली दिवस लगे हर एक दिवाली ओढ़ा जबसे श्याम दुशाला जीवन का है रूप निराला मद, माया की चादर त्यागी पीड़ा सारी मन की भागी।– **आशा पाण्डेय ओझा 'आशा'**

खास पाती

लोग जल जाते हैं मेरी मुस्कान

लोग जल जाते हैं मेरी मुस्कान पर क्योंकि, मैंने कभी दर्द की नुमाइश नहीं की, जिंदगी से जो मिला कबूल किया, किसी चीज की फरमाइश नहीं की, मुश्किल है समझ पाना मुझे क्योंकि, जीने के अलग है अंदाज मेरे, जब जहां जो मिला अपना लिया, जो ना मिला उसकी ख्वाहिश नहीं की। माना कि औरो के मुकाबले कुछ ज्यादा पाया नहीं मैंने पर खुश हूं की खुद को गिरा कर कुछ उठाया नहीं मैंने ! – **अरूणा राव**

मैं अपने आप को भूल गया यह

मैं अपने आप को भूल गया यह मेरी पहचान है जो मैंने खुद ही खोजी है, लेकिन मैं चुप रहूंगा क्योंकि मैं इसकी खोज धर्मग्रंथ के आधार पर नहीं, ध्यान के आधार पर करूंगा। किसी को किसी निश्चित कुल में क्यों बंधना चाहिए किसी को किसी निश्चित व्यवस्था में क्यों बंधना चाहिए जब आत्मा का स्वभाव स्वतंत्र है तो वह स्वतंत्र ही रहती है। क्या पवित्रशास्त्र के पाठक सभी में मौजूद एक के पास पहुंचने में सक्षम हुए ? तो उन्होंने यह रेखा क्यों खींची कि वे श्रेष्ठ हैं। पूरी तरह अकेलेपन को खोजने का मेरा अपना तरीका। क्या मैं खुद को ढूंढ सकता हूँ? निगुरा नितांत अकेला उस ब्रह्म की तरह.... – **नवीन शंकर शर्मा**

सच कहे म दुनिया रिसाथे लबारी

सच कहे म दुनिया रिसाथे लबारी मारे म भगवान त कइसन बानी ल मैं बोलंव नइए एकर मोला ज्ञान तहीं बतादे गुरुजी मोला अब कइसन जोंग मढ़ावौं दूनों लोक सँवर जावय अइसन का फूल-पान चढ़ावौं जय गुरु देव... ऊँ नमः शिवाय.. – **कवि सुशील भोले**

हम सीता भी हम राधा भी हम तुलसी

हम सीता भी हम राधा भी हम तुलसी और अहिल्या भी, हम सावित्री ,हम अनुसुइया भी हम गीता भी, रामायण भी, दुश्मन के लिये महाभारत भी, बन मीरा हम ही तो गीत प्रेम के गाती हैं। जनम देकर शूरवीरों को, सीमा के प्रहरी बनाती हैं। हम दुर्गा भी हम काली भी हम दुष्ट दलन कर वाली भी रण में दुश्मन से टकराई हम रानी झांसी वाली भी। कमजोर समझना मत हमको हम प्रेम,समर्पण की देवी हम इंदिरा हमीं कल्पना भी हम संगिनी और हैं जननी भी मोहताज नहीं बैसाखी की हम खुद अपनी पहचान भी।। **-सविता वर्मा**

अभय सिंह उर्फ IItan Baba ने किसी

अभय सिंह उर्फIItan Baba ने किसी को कोई छति पहुंचाई क्या ,चाहे वह नौकरी करे बाबा बने उसकी मर्जी । दुखद तो यह है कि जिसकी औकात क्ष्. करने की नही है वह भी टिप्पणी कर रहा है। भाई उसकी औकात आज भी इतनी है कि यदि वह पुनः गृहस्थ जीवन मे वापस आये और नौकरी करे तो उसे लाखों रूपये सैलरी मिलेगी। इस लिये आप अपनी देखिये । – **एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

वो चाँदनी की सर्द रात थी... कुछ

वो चाँदनी की सर्द रात थी .... कुछ आग सी बात थी , कुछ चलती हवा का कसूर था , कुछ जंगल के जैसे जज्बात थे , कुछ सूखे पतों से हालत थे , कुछ मदहोश सी बयार थी , कुछ तेज़ बढ़ते धडकनों की रफ़्तार थी , कुछ तपन से झुलसता तन था , कुछ डर से सहमत मन था , कुछ था भी ,कुछ था भी नही बाहर , सब कुछ था भीतर-भीतर , तुम थे ,मैं था और बस , प्रेम की मध्यम पुकार थी , मदहोशी का आलम था , बेहोशी का मंज़र था , वो चाँदनी की सर्द रात थी , वो चाँदनी की सर्द रात थी। – **नमन कुमार मिश्रा**

QUIZ TIME

1) कौन-सा एंजाइम ग्लूकोज तथा फ्रक्टोज दोनों को एथेनॉल में परिवर्तित करता है?

2) पोरस ने सिंकदर को कड़ी चुनौती दी थी, उसका अधिकार क्षेत्र वर्तमान भारत के किस हिस्से को माना जाता है?

3) कौन सा संविधान संशोधन लघु संविधान भी कहा जाता है?

4) वृक्षों के छालों पर उगने वाले कवक का नाम क्या है?

5)हाल ही में समाचारों में देखा गया होमोसेप एटम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जाइमेज (2) झेलम और चिनाब नदी के इलाके को (3) 42वाँ (4) कार्टिकोलस (5) [illegible]

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज के दिन आपका व्यवहार अन्य लोगो के प्रति लापरवाह रहेगा आज आप अपने मे ही मगन रहेंगे।

वृष : आज का दिन आपके लिये शुभ फलदायी रहेगा आज आपको घर एवं बाहर अन्य दिनों की तुलना में कम परिश्रम करना पड़ेगा धन की आमद तो आज अनिश्चित रहेगी।

मिथुन : आज का दिन विपरीत फलदायी रहेगा जल्दबाजी में कोई कार्य ना करें अन्यथा हानि निश्चित है।

कर्क: आज के दिन आपका सार्वजनिक जीवन बेहतर बनेगा लेकिन दिखावे की मानसिकता रहने के कारण आवश्यकता से अधिक खर्च करेंगे जिसके फलस्वरूप बजट प्रभावित होगा।

सिंह : आज का दिन आपके लिये सामान्य से अधिक शुभ रहेगा आज आप जिस भी कार्य को करने का मन बनायेगे आस पास वाले लोग उसके विपरीत राय देंगे।

कन्या: आज का दिन बीते कल से ठीक रहेगा। मन आध्यात्मिक कार्यो में रुचि लेगा कार्य करते हुए भी मन ही मन धार्मिक विचार चलते रहेंगे।

तुला: आज के दिन आपका गुस्सा आस पास रहने वालों को सहज नही बैठने देगा।

वृश्चिक : आज के दिन आप मध्यान तक किसी बहु प्रतीक्षित कार्यो को लेकर उलझन में रहेंगे स्वभाव में व्यवहारिकता थोड़ी कम रहेगी।

धनु : आज का दिन खर्चीला साबित होगा घर अथवा कार्य क्षेत्र पर ना चाहते हुए भी आवश्यकता से अधिक खर्च करना पड़ेगा।

मकर: आज का दिन आपको राहत प्रदान करेगा बुद्धि विवेक का विकास होगा समाज मे आपकी अलग पहचान बनेगी ।

कुंभ: आज का दिन प्रतिकूल रहेगा आज आपको वाणी और व्यवहार संयमित रखने की सलाह है।

मीन: आज का दिन भाग दौड़ वाला रहेगा लेकिन परिश्रम का फल किसी न किसी रूप में शुभ ही मिलेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खी से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

1		■	2	■	3		4	
	■	5			■	■		■
6				■	7	8		9
	■		■	10			■	
■	11				■	12		
13		■	■	14	14ए		■	■
	■	15				■	16	■
	■		■		■	17		18
■	19			■	20			

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल

खा	म	खां	■	■	इं	■	■	■
स	ह	■	ब	र	सा	त	■	प
■	क	हा	नी	■	न	क	च	ढ़ा
त	■	■	स्व	■	■	ली	■	ई
क	या	म	त	■	क	फ	न	■
दी	■	दा	■	बा	बू	■	ह	वा
र	ह	ना	■	ल	त	खो	र	■
■	वा	■	नौ	क	र	■	■	सा
भा	ई	■	का	■	■	बा	द	ल

न्यूज गैलरी

युवकों ने पकड़ा पीडीएस का 11 क्विंटल चावल: फूड विभाग ने किया जब्त

भिलाई। कैंप 1 क्षेत्र से कुछ युवकों ने आज सरकारी दुकान से चावल लोड कराइस मिल ले जाते हुए चिखली चौक के पास ऑटो को पकड़ लिया। फूड विभाग ने आटो से 20 कट्टा (11 क्विंटल) चावल जब्त किया है। चावल पकड़ने वाले सत्यम और सूर्या तिवारी ने जब पूछताछ की तो आटो चालक ने पहले सूरज साव का नाम लिया। फूड विभाग को सूचना मिलने पर खाद्य अधिकारी टीएस अत्री ने विभाग की टीम को मौके पर भेजा। खाद्य विभाग की टीम ने आटो में लोड 11 क्विंटल चावल को जब्त कर लिया है। उन्होंने सूचनादाता सत्यम यादव का बयान दर्ज किया। सत्यम ने बताया कि पीडीएस का चावल पकड़ा गया है। यह चावल भाजयुमो नेता सूरज साव का है, जो कि राइस मिल में बिकने के लिए जा रहा था। खाद्य अधिकारी टीएस अत्री का कहना है कि चावल की सैंपलिंग की जाएगी। सैंपल को जांच के लिए रायपुर भेजा जाएगा। जांच में पीडीएस का चावल होने की पुष्टि के बाद आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

तोड़ूदस्ते ने 4 ठेले जब्त किए

रिसाली। सड़क किनारे अवैध तरीके से दुकान सजाने और बिना अनुमति प्रचार सामग्री लगाने वालों के खिलाफनिगम प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम कमिश्नर मोनिका वर्मा के निर्देश पर तोड़ू दस्ते ने आज पैदल मार्च किया और 90 से ज्यादा प्रचार सामग्री जब्त की गई। राजस्व विभाग के तोड़ू दस्ता प्रभारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि शाम के समय मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति होने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। दुकान के सामने बेतरतीब तरीके से प्रचार सामग्री और सामान रखने की वजह से आवागमन बाधित हो रहा है। समझाईश के बाद भी स्थिति न सुधरने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। कार्रवाई में राजस्व विभाग प्रभारी मंगल कुर्रे, विवेक रंगनाथ, किशोर रामटेके, टेकराम हरिन्द्रवार, जय साहू, डिलेश साहू, आदि शामिल थे। जोहार चौक से गुप्ता फर्नीचर तक चली कार्रवाई में निगम कर्मचारियों ने सड़क पर लगे चाय, नाश्ता, दोसा ठेला को चेतावनी देकर हटाया। निगम की टीम से बहस करने पर चार ठेले जब्त किये गए।

तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता 7 को

भिलाई। देश की अग्रणी इस्पात निर्माता कंपनी 'स्टील अथॉरिटी ऑफइण्डिया लिमिटेड' की ध्वजवाहक इकाई, भिलाई इस्पात संयंत्र हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान में विविध आयोजन करता है। इसी क्रम में आगामी 7 मार्च को भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा महिलाओं के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग' के सदस्य संस्थानों में कार्यरत समस्त नियमित महिला कर्मचारी (कार्यपालक एवं अधिकारी) पात्र हैं। यह प्रतियोगिता भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केन्द्र के प्रथम तल सभागार में दोपहर 2 बजे शुरू होगी। प्रतियोगिता संबंधी परिपत्र एवं 'प्रविष्टि प्रपत्र' 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क कर सकते है।

निधन-कम्बाल माणिक्यं

भिलाईनगर। सेक्टर-7 भिलाई निवासी कम्बाल तिरुपति रावु गारू की पत्नी कम्बाल माणिक्यं (58) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे एल गीता व गौरी की मां थीं।

दुर्ग की सड़कों को दुरुस्त करने 35 करोड़ की स्वीकृति मिली

- **विधायक गजेन्द्र यादव के प्रयासों से बढ़ेगी आवागमन की सुविधा**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किये बजट में दुर्ग को कई सौगातें मिली है। दुर्ग शहर की 17 प्रमुख सड़कों को दुरुस्त करने और धमधा रोड के दोनों किनारे पर नाली बनाने 35 करोड़ की राशि बजट में स्वीकृत की गई है। बजट में राशि स्वीकृत होने पर दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से पहली बार शासन से इतनी बड़ी राशि स्वीकृत हुई है। स्वीकृत राशि से विभिन्न सड़कों का नवीनीकरण, सड़क चौड़ीकरण और कई स्थानों पर पहुंच मार्ग बनाए जाएंगे। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की मांग के अनुरूप विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से अगले एक साल के भीतर शहर की सभी सड़कें दुरुस्त हो जाएंगी। विधायक गजेंद्र यादव ने बजट में दुर्ग की सड़कों को दुरुस्त करने बड़ी राशि स्वीकृत करने और पूरे राज्य के हर वर्ग के लिये सौगातें देने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। सड़कों के सुदृढ़ीकरण से दुर्गवासियों को ट्रैफिक दबाव से राहत मिलेगी। दुर्ग जिला मुख्यालय में प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से आवागमन बेहतर होगा। स्वीकृत राशि से शहर की लगभग 44 किमी सड़क दुरुस्त होगी। इसके पूर्व भी विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से वृहद स्तर पर सड़कों का जाल बिछाने राशि स्वीकृत की गई थी।

बजट में इन कार्यों के लिये मिली मंजूरी

दुर्ग - धमधा - बेमेतरा मार्ग में सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण। गुरुनानक नगर से मालवीय चौक तक सड़क निर्माण। एफसीआई गोदाम से उरला तक सड़क निर्माण। पांच बिल्डिंग कॉलोनी में पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण, चंडी मंदिर से नयापारा चौक तक चौड़ीकरण. मिनीमाता चौक से ठगड़ा डेम तक फोरलेन सड़क, मालवीय चौक से जेल तिराहा तक फोरलेन सड़क, बघेरा रेलवे क्रासिंग से परेतिन चौक तक पहुंच मार्ग, उरला फाटक से विजय नगर तक पहुंच मार्ग, चंडी मंदिर से उरला मार्ग तक मजबूतीकरण, जल परिसर से रेलवे स्टेशन तक सड़क निर्माण, साइंस कॉलेज से रेलवे स्टेशन तक केनाल रोड का चौड़ीकरण, महाराजा चौक से बोरसी उमरपोटी मार्ग तक पहुंच मार्ग, टेम्पो स्टैंड से पोटिया बस्ती तक चौड़ीकरण कार्य सहित 17 सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा।

जिला पंचायत की अध्यक्ष बनी सरस्वती बंजारे

- **त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा का परचम लहराया**
- **उपाध्यक्ष बने पवन शर्मा**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में आज भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की। दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष का पद एससी महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा ने अध्यक्ष पद के लिये सरस्वती बंजारे का नाम पहले ही तय कर दिया था। आज नामांकन प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस की ओर से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं भरा। एकमात्र नामांकन जमा होने के कारण सरस्वती बंजारे को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। सरस्वती बंजारे क्षेत्र क्रमांक 4 से जिपं सदस्य निर्वाचित हुई है। उपाध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र चंद्रवंशी और पवन शर्मा ने नामांकन भरा। देवेंद्र चंद्रवंशी को चार और पवन शर्मा को सात वोट मिले। इस तरह पवन शर्मा उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किये गए। इस तरह जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा हो गया।

नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष मीना सहित 24 पार्षदों ने शपथ ली

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगरपालिका परिषद कुम्हारी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा सहित 24 पार्षदों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। अनुविभागीय अधिकारी महेश सिंह राजपूत ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला बाजार चौक वार्ड 7 में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा सहित सभी पार्षदों को बधाई दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए साव ने कहा कि नगर के विकास में सभी जनप्रतिनिधि निष्पक्षतापूर्वक जनहित में उत्कृष्ट कार्य करेंगे। नगर की सरकार कुम्हारी की तरक्की और विकास के वादे पूरे करने के लिए कार्य करेगी। साव ने कहा कि नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ कार्य किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल, पूर्व संसदीय सचिव छग शासन डॉ. सियाराम साहू, जिला भाजपाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा ने चर्चा के दौरान कहा कि नगर के विकास को प्रथम पंक्ति में रखते हुए केंद्र व राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं को कुम्हारी नगर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

गौतम नगर में पीलिया के 7 मरीज और मिले

भिलाई/नवप्रदेश। खुर्सीपार भिलाई के वार्ड 42 गौतम नगर में संभावित पीलिया के मरीज मिलने की सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते हुए जांच की। संयुक्त टीम ने 492 घरों का भ्रमण किया, जिसमें बुखार के 4 मरीज मिले। आज संभावित पीलिया के 30 मरीज मिले जिसमें से 13 मरीजों का सैंपल लेकर जांच की गई। पीलिया से ग्रसित 7 मरीज मिले। नगर निगम की सहायता से प्रभावित क्षेत्र में जांच के लिये मोबाईल मेडिकल यूनिट लगाई गई है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि उल्टी लगने, भूख न लगने, थकान महसूस होने, पेट में लगातार दर्द, बुखार जैसे पीलिया संबंधी लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी डॉ. पियाम सिंग सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई व जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट दुर्ग रीतिका सोनवानी ने सुपरवाईजर विजय सेजुले बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे व स्थानीय कार्यकर्ता व मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया।

महापौर कभी भी कर सकती है आकस्मिक निरीक्षण

निगम परिसर के भीतर शराब पीने पर होंगे बर्खास्त

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम परिसर स्थित मोतीलाल वोरा सभागार में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में पार्षदों और नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों की बैठक हुई जिसमें पाइपलाइन लीकेज जैसी समस्याओं को तत्काल सुधारने के निर्देश दिये गए। स्वच्छता को लेकर सभी 60 वार्डों में बेहतर साफ सफाई करने कहा गया। सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी गई। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम कार्यालय आने वाले नागरिकों को अधिकारी व कर्मचारी उचित मार्गदर्शन दें। लोगों को इधर-उधर न भटकाएं। नागरिकों से सहयोग व सौहार्दपूर्ण बातचीत करें।

महापौर ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को नागरिकों से रिश्वत न लेने के सख्त निर्देश दिये। रिश्वत लेने की शिकायत मिलने पर निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने कहा व शाम को किसी भी समय आकस्मिक निरीक्षण करेंगी और शाम 6 बजे के बाद अधिकारी/कर्मचारी शराब पीते पकड़े जाने पर सीधे नौकरी जाएगी। अगर ठेकेदार ऐसा कृत्य करते हुए पाया गया तो उसके ठेके निरस्त कर दिये जाएंगे।

रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च में ग्रेजुएशन समारोह

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च में 2019 बैच के लिए ग्रेजुएशन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय रुंगटा, निदेशक डॉ. साकेत रुंगटा सहित स्टूडेंट्स के माता-पिता, संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में स्नातक छात्रों को स्मृति चिन्ह का वितरण किया गया। यूनिवर्सिटी ओवरऑल टॉपर्स का गौरव हासिल करने वाले छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रुगटा ने सभी योग्यता धारकों की प्रशंसा की और आरसीडीएसआर को चुनने और उनमें विश्वास करने के लिए माता-पिता को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने एनएएसी ए ग्रेड हासिल करने के लिए संकायों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता का वादा भी किया।

कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक ने छात्रों को संबोधित किया। उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें दंत चिकित्सा में भविष्य के कैरियर पथ की दिशा में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रीना कुलश्रेष्ठ ने छात्रों को सीखने और उत्कृष्टता की अपनी यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरित किया। वाइस डीन डॉ. फातिमा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

अभा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव देवेन्द्र ने किया बिहार का दौरा

- **इसी साल होना है चुनाव**

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले है। चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक तैयारियों को लेकर भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव ने बिहार प्रदेश का दौरा शुरू कर दिया है।

आॅल इंडिया कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिव बनने के बाद देवेंद्र यादव का यह पहला बिहार दौरा था। उनके प्रथम बिहार आगमन पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी कृष्णा अलावरु, विधायक मुन्ना तिवारी, ब्रजेश पांडे व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सदाकत आश्रम पटना में देवेंद्र यादव का भव्य स्वागत किया। जब विधायक देवेंद्र जेल में थे, तब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने विधायक देवेंद्र यादव को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी में शामिल किया गया था। कुछ महीनों बाद बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। देवेंद्र को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। जमानत मिलने के बाद विधायक यादव ने दिल्ली जाकर राहुल गांधी से मुलाकात की। अब वे बिहार में चुनावी कमान संभालने पहुंच चुके हैं।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 67/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदिका श्रीमती कालिंदि बाई पति स्व. गणेश राम एवं अन्य निवासी वार्ड 16 औद्योगिक नगर सिकोला बस्ती दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 71 ए प्लाट नं. 37 व 38/1 क्षेत्रफल कमशः 167 एवं 37 कुल क्षेत्रफल 204 वर्गमीटर धारक गणेश राम आ. काजूराम के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक गणेशराम की मृत्यु दिनांक 21.06.2023 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नि कालिंदि बाई पुत्र-पुत्री गोमती बाई, कावेरी बाई, कबिलाश, बहादुर लाल, वर्षा ढीमर है। आवेदकगण द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्तिया हो तो प्रकरण की सुनवाई 26.03.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावं। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00016 उरला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430107200053

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00016 के अंतर्गत ग्राम उरला के वर्तमान भूमिस्वामी रमावती देवी पिता/पति भगवान राम वर्मा पता वार्ड नं. 59 हरिनगर कातुलबोर्ड एसएएफ लाईन दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 785/17(0.0230) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कृष्णा कुमार वर्मा पिता/पति स्व. भगवानराम वर्मा पता 14/घ वार्ड 57 कातुलबोर्ड हरीनगर एसएएफ लाईन भिलाई जिला दुर्ग, सुनील कुमार वर्मा पिता/पति स्व. भगवानराम वर्मा पता 14/घ वार्ड 57 कातुलबोर्ड हरीनगर एसएएफ लाईन भिलाई जिला दुर्ग, राजेश कुमार वर्मा पिता/पति स्व. भगवानराम वर्मा पता 14/घ वार्ड 57 कातुलबोर्ड हरीनगर एसएएफ लाईन भिलाई जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.03.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.03.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री विमल कुमार देवांगन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400030/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री विमल कुमार देवांगन आ./पति स्व. पुखराज देवांगन निवासी कोष्टापारा तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	181/12	0.0156 हें 1680 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: इम्तियाज अहमद | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400006/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका इम्तियाज अहमद आ./पति श्री अब्दुल मनान निवासी कैलाशनगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2149/44	0.0116 हें 1250 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: नरसिंग सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400005/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नरसिंग सिन्हा आ./पति श्री देवीराम सिन्हा निवासी आर्यनगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2149/43	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: नरसिंग सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400007/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नरसिंग सिन्हा आ./पति श्री देवीराम सिन्हा निवासी आर्यनगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2149/42	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: हेमिन बाई सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400004/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हेमिन बाई सिन्हा आ./पति श्री नरसिंह सिन्हा निवासी आर्यनगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2149/41	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: हेमिन बाई सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400002/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हेमिन बाई सिन्हा आ./पति श्री नरसिंह सिन्हा निवासी आर्यनगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2149/40	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: हेमिन बाई सिन्हा | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400003/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका हेमिन बाई सिन्हा आ./पति श्री नरसिंह सिन्हा निवासी आर्यनगर कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	2149/39	0.0093 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री चमन यादव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400015/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री चमन यादव आ./पति श्री मधु यादव निवासी कोरबा तह. व जिला कोरबा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	181/13	0.0167 हें 1800 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्रीमती शशिप्रभा यादव | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400015/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती शशिप्रभा यादव आ./पति श्री कृष्ण मोहन यादव निवासी नेहरुनगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जुनवानी प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	105/17	0.020 हें 1800 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्री सुरेन्द्र कुमार मिश्र | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202502100400263/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री सुरेन्द्र कुमार मिश्र आ./पति स्व. रमाकांत मिश्र निवासी पचरीपारा तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	247/6	0.020 हें 1800 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम: श्रीमती ज्योति | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202503100400029/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती ज्योति आ./पति श्री रामकमल निवासी पचरीपारा तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	826/15	0.0180 हें 1988 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांकः 148/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक टेकेन्द्र कुमार महिलांग पिता धन्नुलाल निवासी भरत नगर कुगदा , पोस्ट बीएमवाय उरला वॉर्ड नं. 20 कुम्हारी तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं 490042 आवेदिका राखी वर्मा पिता गोपी वर्मा निवासी सत्यनगर कुगदा पोस्ट बीएमवाय उरला वॉर्ड नं. 20, कुम्हारी तह धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490042 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 12.03.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 11.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांकः 184/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक शुभम चौधरी पिता अरुण चौधरी निवासी प्लाट नं 41 स्ट्रीट 55 प्रगति नगर रिसाली भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं 490006 आवेदिका प्रीती सिंह पिता बिरेंद्र निवासी क्वाटर नं. 14/ष्ठ सड़क नं. 37, सेक्टर 7 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490006 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 19.03.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 03.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांकः 140/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक प्रभाकर ढीमर पिता बिरेंद्र कुमार निवासी ग्राम गनियारी स्कूल पारा पोस्ट आ. पहंडोर वार्ड 36 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं 490025 आवेदिका नीलम डहरे पिता श्री चंद्रशेखर डहरे निवासी ग्राम गनियारी गौठान पारा वार्ड नं. 36 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490025 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 18.03.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी है।

मुहर — अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

भारत भूमि कोई जमीन का टुकड़ा नहीं यह एक राष्ट्रपुरुष है , जो विश्व गुरु बन कर आज पूरे संसार को प्रकाशित कर रहा है: दीपक सिंह ठाकुर

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी। हिंदू जागरण मंच छग प्रांत सनातन धर्म की अलख जगाने मंगलवार हनुमानजी के मंदिर में सनातन सेना महाआरती कार्यक्रम में शामिल हुई, जहां पर हनुमान चालीसा, हनुमानाष्टक, बजरंग बाण, एवं हनुमान जी की आरती के उपरांत , सनातन सेना से श्री पुरुषोत्तम निषाद जी ने अपना उद्बोधन दिया जिसमें उन्होंने माताओं, बहनों, भाइयों सभी को सनातन धर्म का महत्व समझाया और देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर गहन चिंता व्यक्त की।

कार्यक्रम में श्री मोहन साहू जी ने द्वारा भी समस्त सनातन परिवार को सेवा कार्य हेतु प्रेरित किया, और सभी को अपने परिवार के

साथ एक टाइम साथ में भोजन करने की सलाह दी, और पर्यावरण के महत्व को समझाया। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री दीपक सिंह ठाकुर जी को उद्बोधन हेतु आमंत्रित किया गया जिसमे उन्होंने सर्वप्रथम बच्चे को बोर्ड परीक्षा की जमकर तैयारी करने हेतु कहा, और सभी युवाओं को संघ में शाखा लगाने हेतु प्रेरित किया। सब नौजवानो को यह भी बताया कि स्वतंत्रता के महत्व को समझे और अपने राष्ट के मूल इतिहास से भी परिचय करवाया। उन्होंने बताया कि सल्तनत काल में कैसा महौल था, मुगल काल में क्या स्थिति थी, अंग्रेजो के समय देश की परिस्थितियों में कितना कष्ट हमारे पुर्वजों ने झेला। स्वतंत्रता को विरासत में मिली संपत्ति न समझें यह एक धरोहर है जो हमें एक पीढ़ी से आने वाली पीढ़ी तक हस्तांतर करना है और राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पण का भाव रखकर कार्य करना है, कार्यक्रम में श्री डाकेश्वर साहू जी ने सभी को प्रणाम कर आभार व्यक्त किया।

हिंदू जागरण मंच छग प्रांतः मारुति नंदन सेवा समिति सोरम के हनुमान मँदिर मे आज समाजसेवी बड़े भैया श्री दीपक ठाकुर जी, आर. एस. एस कार्यकर्ता भैया मोहन साहू जी, डाकेश्वर साहू जी, पुरषोत्तम साहू जी आरती मे शामिल हुवे, इसके साथ ही समिति के सदस्य हुमन यादव, बसंत यादव, अंकित यादव, हेमशंकर साहू, मिथलेश साहू, वासु साहू, जोगेंद्र साहू, गब्बर साहू, हरीश निषाद, रोशन साहू, टुमेन्द् साहू, दमन साहू, तुमन साहू, हिरू साहू, मगेंद्र साहू, गोली निषाद, दाऊ साहू, एवं साथ मे युवतियों और महिलाओ ने भी इस हनुमान जी की आरती मे शामिल होकर अपने मन को श्री हनुमान जी की की तरह सत्य मार्ग मे चलने के लिए खुद को प्रेरित किया

न्यूज गैलरी

हमर क्लीनिक को शीघ्र चालू करने की मांग

धमतरी । गोकुलपुर वार्ड में विगत 6 माह से सर्व सुविधा युक्त हमर क्लीनिक बनकर तैयार है । फिर भी क्लीनिक किराए के मकान में संचालित हो रहा है और शासन का पैसा व्यर्थ खर्च हो रहा है । कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे है । वार्ड के पार्षद गजेन्द्र कंवर पूर्व पार्षद महेश साहू देवलाल साहू अयोध्या साहू देवनाथ यदु मेघराज यदु सतीश साहू गैंदू यादव सरजू साहू सहित वार्ड के लोगों ने शीघ्र ही लोकार्पण कर क्लीनिक को शिफ्ट करने की मांग की है ।

दिव्यांग बच्चों हेतु जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

भाटापारा। कलेक्टर दिपक सोनी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल जिला पंचायत के निर्देशन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों हेतु जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन कृषि उपज मंडी मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक विकासखण्ड से 10-10 प्रतिभागी तथा जिला मनोविकास केन्द्र से 30 कुल 90 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी। प्रतियोगिता का आंरभ हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी, एम.एल.ब्राम्हणी जिला मिशन समन्वयक, ,सहायक संचालक के.एस.मेरावी, बी.आर.पटेल, के.के. गुप्ता, द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजा अर्जना कर किया गया। सहायक कार्यक्रम समन्वयक मनहरण लाल साहू, जहीर अब्बास ,खिलावन वर्मा, अरूण वर्मा सहायक द्वारा प्रतियोगिता में आये सभी दिव्यांग प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए खेलकूद की महत्ता को बताते हुए प्रतिभागी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। बच्चों को विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता आयोजन में श्रीमती अर्चना यादव बीआरपी सिमगा, प्रीति देशमुख बीआरपी भाटापारा, कुंजबिहारी कश्यप बीआरपी पलारी, श्रीमती सविता चंभारे बीआरपी कसडोल, स्पेशल एजुकेटर श्री पालेश्वर, श्रीमती आरती कश्यप, दमयंती साहु, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अस्थि बाधित, दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित आदि शामिल रहें।

अध्यक्ष/उपाध्यक्ष निर्वाचन के सम्बन्ध में बैठक

कुरूद। नभ सिंग कोशले पीठासीन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा) कुरुद, की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कुरुद में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष निर्वाचन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुआ।उक्त बैठक में श्रीमती दुर्गा साहू, तहसीलदार कुरुद, श्री नकुल वर्मा, उपसंचालक धमतरी, श्री सी.पी. डांडे, जिला अंकेक्षक धमतरी, श्री डेमन सिंग नेताम विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत कुरुद तथा श्री झलेन्द्र कुमार कँवर, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत कुरुद उपस्थित रहे।

नगर पालिका में निर्विरोध उपाध्यक्ष बने दिलीप छाबड़िया

अपील समिति का हुआ गठन

भाटापारा/नवप्रदेश। धमतरी। प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका भाटापारा के पहले सम्मेलन में भाजपा पार्षद दिलीप छाबड़िया निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। कांग्रेस ने उपाध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारा। भाजपा ने पार्षद दल की बैठक में दिलीप छाबड़िया के नाम की घोषणा की थी।इस प्रथम सम्मेलन में पालिका की अपील समिति का भी गठन किया गया। इसमें दो भाजपा पार्षद को शामिल किया गया है । नगर पालिका का प्रथम सम्मेलन बुधवार को पालिका परिषद में प्राधिकृत अधिकारी अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में शुरू हुआ। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन के निर्धारित समय तक भाजपा की ओर से अधिकृत प्रत्याशी दिलीप छाबड़िया का एकमात्र नामांकन दाखिल हुआ। उनके नाम का प्रस्ताव कुंजराम कोशले ने और समर्थक में संध्या राजेश साहू ने हस्ताक्षर किए। नामांकन की अवधि समाप्त होने के बाद चुनाव अधिकारी एस डी एम अभिषेक गुप्ता ने दिलीप छाबड़िया को उपाध्यक्ष

घोषित किया। परिणाम की घोषणा के बाद पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित उपस्थित पार्षदों ने दिलीप छाबड़िया को उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

अपील समिति का भी हुआ गठन

नगर पालिका के पहले सम्मेलन में अपील समिति का भी गठन किया गया। इसमें भी अपील समिति का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसमें भाजपा पार्षद सतीश साहू और लक्ष्मीकांत टंडन को अपील समिति का सदस्य बनाया गया है।

कांग्रेस ने नहीं उतारा प्रत्याशी

भाजपा ने पालिका में एक दशक बाद पूर्ण बहुमत हासिल किया है। पालिका में भाजपा के 24 पार्षद चुनाव जीते हैं। कांग्रेस के कुल 06 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। एक निर्दलीय पार्षद ने जीत दर्ज की है। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा का बहुमत था। इसलिए कांग्रेस ने प्रत्याशी नहीं उतारा।

उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा, भाजपा चुनाव पर्वेक्षक देवजी भाई पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, महाबल दास बघेल,सुनील यदु, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, ओम प्रकाश रात्रे, योगेश अनंत, मुरली माखीजा, सुरेश यदु,, गोपाल देवांगन, राजा कामनानी, नंदकिशोर अग्रवाल, धनेश माधवानी,राकेश मंधान, विनय ठाकुर, रुपेश तिवारी, मन्नी महाराज, अमरजीत सलूजा, लड्डू सोनी, रविन्द्र जैन, नवीन जायसवाल, संतोष सोनी, संजय शुक्ला, संतोष वर्मा, अमर छाबड़िया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

टेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी की अनदेखी, अपात्र को अध्यापन अनुमति देने पर विवाद

■ शिक्षा विभाग के आदेश की अवहेलना, मिलीभगत के आरोप, निष्पक्ष जांच मांग

कवर्धा// नवप्रदेश।। पंडरिया विकासखंड के ग्राम उदका में प्राथमिक शाला में अध्यापन अनुमति को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। टेट (ञ्जश्वञ्ज) और बी.एड (क्चश्वस्र) उत्तीर्ण संजय दास मानिकपुरी के आवेदन को दरकिनार कर अपात्र सावित्री साहू को अध्यापन की अनुमति दिए जाने पर शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में मिलीभगत और आदेशों की अवहेलना के आरोप लग रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में नाराजगी व्याप्त है।संजय दास मानिकपुरी ने प्राथमिक शाला में अध्यापन अनुमति के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज– 10वीं, 12वीं, बी.एड, टेट प्रमाण पत्र, जाति व निवास प्रमाण पत्र जमा किए थे। बावजूद इसके, उनकी पात्रता को दरकिनार कर टेट अयोग्य सावित्री साहू को नियुक्त कर दिया गया। इस फैसले के खिलाफ उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी (ष्ठश्वह्र) को शिकायत दी, जिसके बाद 14 जनवरी 2025 को आदेश जारी कर जांच के निर्देश दिए गए थे।जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी (क्चश्वह्र), प्रधान पाठक और एसडीएम पंडरिया को पत्र भेजकर नियमों के अनुरूप पात्र अभ्यर्थी को नियुक्त करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, शिक्षा विभाग के स्थानीय अधिकारियों ने इस आदेश की अनदेखी करते हुए पहले से ही नियुक्त सावित्री साहू को अध्यापन जारी रखने दिया।

शिक्षा विभाग के नियमों की अनदेखी

नियमानुसार, प्राथमिक विद्यालय में अध्यापन के लिए टेट और बी.एड उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। लेकिन प्रधान पाठक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने इस नियम को ताक पर रखते हुए अपात्र अभ्यर्थी को अध्यापन की अनुमति दे दी। जब संजय दास मानिकपुरी ने प्रधान पाठक से इस पर जवाब मांगा तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे केवल बीईओ के आदेश का पालन करेंगे और अन्य किसी अधिकारी के निर्देशों के प्रति बाध्य नहीं हैं।

इस पूरे मामले में प्रधान पाठक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी पर मिलीभगत और मनमानी के गंभीर आरोप लग रहे हैं। प्रार्थी संजय दास का आरोप है कि अधिकारियों ने सांठगांठ कर योग्य अभ्यर्थी को वंचित कर अपात्र को लाभ पहुंचाया। यह न केवल शिक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि योग्य युवाओं के अधिकारों का भी हनन है।

निष्पक्ष जांच की मांग

संजय दास मानिकपुरी ने विधायक भावना बोहरा से इस मामले में दखल देकर अयोग्य अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्त करने और उन्हें अध्यापन अनुमति दिलाने की मांग की है। इसके साथ ही, उन्होंने उच्चाधिकारियों के आदेशों की अनदेखी करने वाले प्रधान पाठक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है।

यह मामला शिक्षा विभाग की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यदि दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं होती, तो यह भविष्य में और भी नियमों की अनदेखी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला उदाहरण बन सकता है।

ग्रामवासियों ने मुझ पर जो विश्वास जताया उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी : नीलम अडील

■ खरेंगा में नव निर्वाचित सरपंच सहित पंचों ने ली शपथ

धमतरी/ नवप्रदेश। । ग्राम पंचायत खरेंगा में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें नव निर्वाचित सरपंच नीलम टी आर अडील ?सहित समस्त पंच गणों ने शपथ ली। इस अवसर पर सरपंच नीलम अडिल ने कहा कि ग्राम के लोगों ने जो मुझ पर विश्वास जताया उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करुंगी। आने वाले पांच सालों में ग्राम विकास ही मेरा उद्देश्य है इसके लिए सभी पंचगणों से रायशुमारी कर ग्राम हित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि ग्राम हित के निर्णय को दलगत भावना से ऊपर रखा जाएगा साथ ही ग्राम के युवाओं व विद्यार्थियों के कैरियर हेतु विशेष कार्ययोजना बनाकर

काम किया जाएगा साथ ही सामाजिक सरोकार की भावना से ग्राम पंचायत में कार्य होंगे। शपथ ग्रहण सरपंच सहित पंचगणों में सुरिता ध्रुव ,परमेश्वर विश्वकर्मा , नेमिन साहू, किशन साहू, डिसेन्द्र साहू, योगेश्वर साहू, होमन लाल साहू, केशर साहू, बिंदु बाई यादव, उमनेश्वरी साहू , रामेश्वरी साहू लोकेखरी साहू, सोहन चक्रधारीतेजभानू महिलांग, चन्द्रहास साहू (सुखी), नीराबाई साहू, मनिषा साहू, राधिका साहू आदि शामिल थे।

इस शपथ ग्रहण समारोह में ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक नव निर्वाचित पंच गण सचिव महोदय डिगेश्वरी निषाद पूर्व सरपंच अमेरिका बाई ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि ञ्जक्रसाहू उमेश्वर साहू राजेन्द्र भारती राधेश्याम बारले संतोष साहू मोहन लाल साहू सुभाषचन्द्र साहू पोषण साहू रविकांत गुरुपंचायण संजीव गुरूपंचायण दीपक महिलांग महेश महिलांग आदि शामिल थे।

अजय चंद्राकर के प्रयास से अनेकों सौगातें मिली

कुरुद/ नवप्रदेश। प्रदेश सरकार के वित मंत्री ओपी चौधरी ने वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर दिया है। इस बजट में कुरुद विधानसभा को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं खेल के क्षेत्र में विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से अनेकों सौगातें मिली है। जिसमे कुरुद सिविल अस्पताल को 100 बिस्तर में अपग्रेशन व नर्सिंग कॉलेज की स्थापना प्रमुख है।इसके अलावा भी कई छोटी बड़ी घोषणाएं बजट के दौरान की गई है। ज्ञात हो कि बजट में ही शहरी विकास के लिए, ग्रामीण विकास के लिए भी अलग से फ्ड स्वीकृत किया गया है। जिसके जरिये कुरुद विधानसभा अंतर्गत आने वाले शहर और गांव में विकास कार्य कराए जाएंगे। जिसके लिए विष्णुदेव की सरकार ने कुरुद क्षेत्र के लिए करोड़ो की सौगात दी है। बजट देखकर ऐसा प्रतीत हुआ कि अजय चंद्राकर सत्ता में रहे या विपक्ष में अपने क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए वे

हर संभव कोशिश कर जरूरी मांगे को पूरी करवा ही लेते है, यही उनकी खासियत भी है। केबिनेट में।दखल न होने के बाद भी कुरुद के लिए 100 बिस्तरों का अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज के साथ खिलाड़ियों के लिए इंडोर हॉल की बड़ी घोषणाएं बजट में शामिल करवा कर सिद्ध कर दिया है कि वे सच्चे में कुरुद के जनसेवक है। बजट में इन कामो की मिली है स्वीकृतिः भखारा-भठेली में लाइवलीहुड कॉलेज के लिए भवन निर्माण करने 1 करोड़ का व्यय संभावित है। साथ ही 4 करोड़ का प्रावधान नवीन मद के रुप में शामिल किया है। आईटीआई संस्थान कोर्रा में भवन का निर्माण होगा। शासकीय महाविद्यालय कुरूद में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण होगा। बड़ी करेली में नवीन विश्राम गृह के लिए बजट में राशि का प्रावधान है। मेघा, सिंगपुर, दुगली मार्ग के पुल-पुलिया सहित चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण 24 कि.मी., कुरूद, चर्रा, छाती, उड़ेना, झिरिया, कंडेल, भोथली, संबलपुर 20 कि.मी. में चौड़ीकरण व मजबूती कारण के लिए करीब 17.30 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। चरमुड़िया, गोबरा, सिवनी-सिर्री जंक्शन 10 किमी चौड़ीकरण व मजबूती करण के लिए 22.30 करोड़ का प्रावधान है। रीवागहन-कुर्रा मार्ग के लिए 2 करोड़, भखारा से सिलघट मार्ग के लिए 6 करोड़, दर्रा-खुसरेंगा नयापारा मार्ग 9.30 करोड़, दरबा कोटगांव-ढेठा मार्ग के लिए 9 करोड़.।

प्रथम पृष्ठ का शेष

धरमलाल कौशिक ने...

ने पूछा कि जमीन आबंटन निरस्त होने का कारण क्या है? राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल में नियम में बदलाव की वजह से आबंटन निरस्त कर दिया गया था। धरमलाल कौशिक ने पूछा कि जब भूमि का आबंटन निरस्त किया गया तब बाजार की दर क्या थी? चराई की भूमि का आबंटन नहीं किया जा सकता है. 56 करोड़ रुपए पटाया जाना था लेकिन सिर्फ 9 करोड़ रुपए की राशि जमा की गई थी। अधिकारियों ने जो इस तरह से काम किया था उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी? इस पर जवाब देते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भूमि का आबंटन की प्रक्रिया चल रही थी। राशि नहीं पटाई गई थी। शासन ने आबंटन निरस्त कर दिया था।

कौशिक ने पूछा कि भूमि रिकॉर्ड में किसके नाम पर है?

राजस्व मंत्री ने बताया कि आबंटन कलेक्टर के द्वारा किया जाता है, जब राशि पटाई जाती है. राशि जमा करने के पूर्व ही आबंटन रद्द कर दिया गया था. रिकॉर्ड में भूमि शासन के नाम पर ही दर्ज है। कलेक्टर द्वारा डिमांड लेटर दिया ही नहीं गया था। भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने पूछा कि आबंटन की प्रक्रिया गलत थी। इस पर क्या कार्रवाई की जाएगी? सरकार की जमीन की अफरा तफरी करेंगे? 56 करोड़ की जमीन को 9 करोड़ रुपए में कर देंगे?

चार सालों में हेलीकॉप्टर...

छत्तीसगढ़ शासन के विमानन विभाग ने वर्ष 2021-22 से 2024-25 (31 जनवरी 2025) तक किन-किन निजी कंपनियों से हेलीकाप्टर किराये पर लिया। इन कंपनियों को किस दर पर राशि का भुगतान किया गया है. इसके अलावा क्या विमानन विभाग ने शासकीय विमान की खरीदी की थी. यही नहीं वर्तमान में यह विमान उपयोग में है अथवा नहीं?

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि राज्य शासन ने वर्ष 2006-07 में डबल ईंजन युक्त शासकीय विमान ड्ढ चद्बट्टद्,द्बह्व क्च200, ड्ढञ्ज-ष्टञ्जत्र की खरीदी की थी, यह विमान दिसंबर 2006 से उपलब्ध है. इसके अलावा राज्य शासन द्वारा समय-समय पर टेण्डर के जरिए निजी कंपनियों से हेलीकॉप्टर किराए पर लिया जाता है।

वर्ष 2023-24 में ढिल्लन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा से 51 बार हेलीकॉप्टर किराए पर लिया गया था, जिसके एवज में 89 करोड़ 50 लाख 33 हजार 999 रुपए का भुगतान किया गया। वहीं वर्ष 2024-25 में ढिल्लन एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव, हरियाणा से 37 बार हेलीकॉप्टर किराए पर लिया गया था, जिसके एवज में 56 करोड़ 11 लाख 99 हजार 825 रुपए का भुगतान किया गया।

पूछ लेते वो बस...

सेंटर ऑफ एक्सिलेंस में बोनमैरो ट्रांसप्लांट की व्यवस्था शुरू की जा रही है।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- जब मैं स्वास्थ्य मंत्री था तक सिकलसेल संस्थान शुरू किया गया था। भूपेश सरकार तो सिर्फ भवन के लिए नारियल फोड़कर चुप बैठ गई। मंत्री बताए कि संस्थान में कितने डॉक्टर और विशेषज्ञ हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- प्रदेश में सिकलसेल के लिए बड़ा काम किया गया है। 23 जून 2023 को भूपेश सरकार ने आनन-फामें सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के लिए भूमिपूजन कर लिया था। हमारी सरकार आने के बाद से अब तक 11 बैठकें हम कर चुके हैं।180 का सेटअप है. 28 कार्यरत हैं। इनमें से 4 विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। हमारा प्रयास होगा कि जल्द से जल्द डॉक्टरों की भर्ती की जाए। जब तक भर्ती नहीं होती तब तक डॉक्टरों को अटैच कर कार्यवाही की जाएगी।

अजय चंद्राकर ने पूछा- संस्थान में कितनी मशीन उपलब्ध है, और कितने मानव संसाधन है?

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि- आवश्यकतानुसार चार उन्नत मशीनें उपलब्ध हैं. जांच के लिए मानव संसाधन उपलब्ध है. प्रतिदिन 60 मरीजों की जांच की जा रही है. नौ तकनीशियन मशीनों को ऑपरेट करने के लिए हैं।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए कितने दिनों में बोनमैरो ट्रांसप्लांट, शोध आदि की अनुमति मिल जाएगी? संस्थान के ठीक बाजू का बंगले में मंत्री रहते थे। उस बंगले की जमीन को भी संस्थान के लिए दिया जाना था। क्या किसी तरह की आर्थिक अनियमितता की शिकायत पाई गई है?

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा- करीब दो एकड़ जमीन थी। किसी भी तरह की आर्थिक अनियमिता की जानकारी नहीं है. यह दुर्भाग्य है कि किसी भी स्वास्थ्य मंत्री ने सिकलसेल संस्थान को मजबूत करने के लिए काम नहीं किया है। यह मेरी प्राथमिकता में है। अजय चंद्राकर जिस आर्थिक अनियमितता की जानकारी दे रहे हैं, उसका परीक्षण किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर जांच कराई जाएगी।

पीसीसी चीफ बैज ...

दीपक बैज ने कहा, न्याय की जीत हुई है। उन्होंने सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। पंचायत चुनाव और ईडी की कार्रवाई की रिपोर्ट लेकर जाएंगे दिल्ली : पीसीसी चीफ ने कहा, आलाकमान ने चुनाव को लेकर रिपोर्ट मांगी है. पंचायत चुनाव और ईडी की कार्रवाई की रिपोर्ट लेकर दिल्ली जाएंगे। पंचायत चुनाव में सरकार ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया है। ईडी की कार्रवाई पर उन्होंने कहा, ईडी के अफसरों को कांग्रेस भवन भेजा। नौ घंटे पूछताछ की. बलौदाबाजार के जीते प्रत्याशियों को बलौदाबाजार आगजनी मामले में फंसाने धमकाया जा रहा. अधिकारी चिट्ठा निकालकर खुद अध्यक्ष बना रहे. सभी की रिपोर्ट लेकर दिल्ली जाऊंगा।

कांग्रेस नेताओं की...

रेकी कर रही थी, जिसे पैदल टहलने के दौरान हमने पकड़ा। लोकल गंज थाने के टीआई को भी जानकारी नहीं थी। दंतेवाड़ा के एडिशनल एसपी से भी बात की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। बिना दस्तावेज के वे यहां पहुंचे थे। दीपक बैज ने आरोप लगाते हुए कहा था कि पूरी पुलिस प्रशासन एक एजेंट की तरह शासन के लिये काम कर रही। सबूत भी अब हमने पकड़ लिये हैं. पूरे जिले की पुलिस मेरे पीछे लगाये गये होंगे। सरकार चुनाव में धांधली कर रही और जो मुझसे मिलने आ रहे उसकी निगरानी की जा रही है. यदि पीसीसी के अध्यक्ष का ये हाल है, तो जनता का क्या हाल होगा. इस मामले की जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

बोफोर्स कांड की जांच...

जो हर्शमैन की जांच से जुड़े थे। हालांकि सीबीआई को कोई दस्तावेज मिलने की जानकारी नहीं है। हर्शमैन के दावे पर सीबीआई ने संज्ञान लिया और जानकारी मांगी है।

आईएएस अधिकारियों का....

लोक सेवा आयोग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। विश्वदीप (आईएएस2019)-रायपुर जिला पंचायत सीईओ से स्थानांतरित होकर रायपुर नगर निगम आयुक्त बने और स्मार्ट सिटी रायपुर के एमडी का भी अतिरिक्त प्रभार मिला। कुमार विश्वरंजन (आईएएस2020)-चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, चिप्स से स्थानांतरित होकर रायपुर जिला पंचायत सीईओ बनाए गए।

न्यूज गैलरी

अध्यक्ष हिमांशु वर्मा व पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमांशु वर्मा और वहां के पार्षदों ने आज शपथ ग्रहण किया। अनुविभागीय अधिकारी डी आर रात्रे ने नई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लालचंद बाफना विशेष रूप से उपस्थित थे। सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगरीय निकाय और ग्रामीण निकाय के चुनाव में आम जनता ने भाजपा के प्रति भरोसा व्यक्त किया है, अब हमें भी आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए काम करना होगा। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम लोगों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाये शुरू की है। हमें प्रत्येक वर्ग के लोगों को इसका लाभ दिलाने के लिए काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर दाखिनेश्वर पीठाधीश्वर राजीव लोचन महाराज, लाल शौर्यजीत सिंह, अधिवक्ता विनोद शर्मा प्रभारी, हरीशंकर टावरी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तथा सभी पार्षदगण सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जनार्दन सिंह निर्विरोध चुने गए साजा उप समिति अध्यक्ष

साजा/नवप्रदेश। राजपूत क्षत्रीय महासभा पंजीयन क्र 1282 उप समिति साजा के त्रि वार्षिक चुनाव 2 मार्च 2025 को महाराणा प्रताप मंगल भवन साजा में निर्वाचन प्रेक्षक रूप में पधारे थान खम्हरिया उप समिति के रोहित सिंह सचिव, रविकान्त बैस उपाध्यक्ष एवं सहयोगों के रूप में सनत कुमार सिंह, बलराम सिंह शामिल हुए और उपसमिति साजा का नामाकन कार्य सम्पन कराया। जिसमें 15 विभिन पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें नव निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष जनार्दन सिंह, उपाध्यक्ष रमेश सिंह, कोषाध्यक्ष मुकेश सिंह, सचिव कमलनारायण सिंह, उपसचिव विनोद सिंह, केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य ज्वाला सिंह, केंद्रीय निर्णायक सदस्य लाल नरेंद्र सिंह एवं उपसमिति कार्यकारिणी सदस्य हेतु दिनेंद्र कुमार, चंद्रशेखर सिंह, मनोज सिंह केशरी, संतोष सिंह, सुरेश सिंह, महिला मण्डल अध्यक्ष कनकलता, युवा मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिंह, सचिव निखिल सिंह निर्वाचित हुए। उपसमिति साजा के निर्वाचन को निर्विरोध संपन्न कराने में निवृतमान अध्यक्ष मनोज सिंह, अनिल सिंह, रतिकान्त चौहान, जितेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह का सक्रिय योगदान रहा।

कोंडागांव, माकड़ी जनपद में भाजपा का कब्जा अनीता कोर्राम एवं जुगबत्ती पोयाम बनी अध्यक्ष

कोंडागांव/नवप्रदेश। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन संपन्न होने के बाद छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 25 के अंतर्गत जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु समय सारणी जारी कर दी गई है। इसके अनुसार बुधवार 5 मार्च को विकासखंड कोंडागांव व माकड़ी में जनपद पंचायत कार्यालय में

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत 5 मार्च दिन बुधवार को कोंडागांव जनपद पंचायत में अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ।जिसमें दोनों पदों पर भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों ने जीत हासिल किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष पद पर अनीता कोर्राम और उपाध्यक्ष पद पर टोमेंद्र ठाकुर ने जीत हासिल किया।जीते हुए प्रत्याशियों को अजय उरांव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने प्रमाणपत्र प्रदान किया।जीत के बाद समर्थकों ने गाजे बाजे के साथ रैली निकाल जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम ने भाजपा सरकार के विकास कार्यों के आधार पर जीत मिलना बताया। पीठासीन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक अध्यक्ष पद के लिए अनीता कोर्राम व ममता नेताम रहे। अनीता को 15 व ममता को 10 मत मिले। अनीता ने अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार और टोमेंद्र ठाकुर अभ्यर्थी रहे। टोमेंद्र ठाकुर को 15 और अनिल कुमार को 10 मत प्राप्त हुआ। अध्यक्षक पद पर निर्वाचित अनीता कोराम गोलावंड गांव की रहने वाली है।वर्ष 2009 में पहली बार गांव की सरपंच बनी थी। परिवार खेती किसानी से जुड़ा है । कक्षा दसवीं तक की पढ़ाई की है। भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत रही। उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित टोमेंद्र ठाकुर बम्हनी गांव के रहने वाले हैं।जो जनपद सदस्य पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए है। उन्होंने कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई की है।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर स्पर्धा में भावी वैज्ञानिकों ने जीता दिले

विजेता छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत ,सेजेस छुईखदान प्रथम, खैरागढ़ दूसरे स्थान पर रहा

खैरागढ़/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान एवं प्राद्योगिकी संचार परिषद द्वारा शहर के पीएम श्री पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल मे जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता छग विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद रायपूर के वैज्ञानिक डा जेके राय के मार्गदर्शन मे आयोजित हुआ । कार्यक्र म के नोडल अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि विज्ञान माडल, विज्ञान क्विज एवं विज्ञान चित्रकला प्रतियोगिता मे विजेता छात्रछात्राओं को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतीक चिन्ह, प्रशस्तिपत्र देकर पुरस्कृत किया गया ।

विज्ञान माडल समूह मे सेजेस छुईखदान के छात्रछात्राएं प्रथम, सेजेस कन्या खैरागढ़ दूसरे स्थान पर रहे । विज्ञान माडल प्रतियोगिता मे एकल मे हाईस्कूल भरदाकला प्रथम, हाईस्कूल दपका दूसरे विज्ञान क्विज प्रतियोगिता मे पूर्व मा विभाग में कविता वर्मा, दिव्या वर्मा, पूर्व माशा घोंघेडबरी प्रथम, कौशिल निर्मलकर एवं साथी पूर्व माशा प्रकाशपूर दूसरे, विज्ञान क्विज उमा विभाग में हुल्लास एवं साथी सेजेस बालक खैरागढ़ प्रथम, छत्री एवं साथी सेजेस बालक खैरागढ़ दूसरे स्थान पर रहे । विज्ञान चित्रकला प्रतियोगिता में पूर्व मा विभाग में शौर्य देवांगन अवंती स्कूल दाउचौरा प्रथम, पुष्पलता ध्रुव आंज्लपूर्व माशा खैरागढ़ दूसरे, उमा विभाग मे जान्हवी हाईस्कूल चंदैनी प्रथम, मौली कन्नोजे सेजेस बालक खैरागढ़ दूसरे स्थान पर रही । विशेष माडल के रूप मे स्मार्ट बैग, की गाइड टीचर पायल मेश्राम ने पुरस्कार जीता। विज्ञान दिवस पर जिला अनुसंधान यात्रा के जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता मे दीपाली एवं साथी हाईस्कूल रोड अतरिया प्रथम, भूमिका एवं साथी सेजेस बालक खैरागढ़ दूसरे एवं लक्ष्मी एवं साथी कन्या विद्यालय छूईखदान तीसरे स्थान पर रहे । अधिकारियो ने विजेता छात्रछात्राओं को पुरस्कृत किया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य आरएल वर्मा, अनुराग सिंह, किरण सिंह, सुनील गुनी, आशीष मिश्रा, सायरा कुरेशी, बीडी जोशी, राम्हीन , हेमलता वर्मा सहित शिक्षक मौजूद रहे ।

भाजपा कार्यालय में नव निर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का सम्मान समारोह

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला पंचायत में भाजपा समर्थित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुने जाने के बाद बुधवार दोपहर जिला भाजपा कार्यालय में अभिनंदन समारोह हुआ। नव निर्वाचित अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप और उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर सहित सभी जिला पंचायत सदस्यों का आत्मीय स्वागत किया गया।

पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस जीत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथ मजबूत हुए हैं। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो, इसके लिए पंच से लेकर संसद तक भाजपा का नेतृत्व जरूरी है। जिले के कार्यकर्ताओं ने मेहनत कर जीत दिलाई। अब सभी को जिले के विकास में जुटना होगा। जनता और पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसे पूरी निष्ठा से निभाएं। भाजपा मूल्यों पर आधारित राजनीति करती है, इसे ध्यान रखना होगा।

जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि यह भाजपा का स्वर्णिम समय है। जनपद, नगर पंचायत और जिला पंचायत में भाजपा की सरकार बनी है। चुनाव में मिले जनादेश ने स्पष्ट कर दिया कि जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। अब जनसेवा की चुनौती है। आने वाले समय में गरियाबंद के विकास के लिए बेहतर काम करेंगे।

जिला चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पाटनी ने कहा कि निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। हर कार्यकर्ता ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा। 80 फीसदी पंच, सरपंच, पार्षद, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य भाजपा समर्थित जीते। कांग्रेस हाशिए पर चली गई। जिला पंचायत में तो प्रत्याशी खड़ा करने की स्थिति में भी नहीं रही। जनपद और निकाय में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जनता के विकास को प्राथमिकता देने की सलाह दी।

विधायक रोहित साहू ने जिले के पांच निकाय और पांच जनपद में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पंच से लेकर पार्षद और जनपद से लेकर जिला पंचायत तक भाजपा समर्थित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष बने हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन का परिणाम है। प्रदेश में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली। गरियाबंद में भी जनता का बहुमूल्य आशीर्वाद मिला।

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने कहा कि भाजपा ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। पहली बार चुनाव लड़ा और कार्यकर्ताओं की मेहनत व जनता के आशीर्वाद से ऐतिहासिक जीत मिली। उन्होंने भरोसा जताने के लिए पार्टी नेतृत्व और जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से काम करेंगे। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारने के साथ ही ग्रामीण समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू ने किया। आभार जिला पंचायत सदस्य लेखराम ध्रुवा ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, नगर पालिका कोपरा अध्यक्ष रूप नारायण साहू, अनूप भोसले, सुरेंद्र सोनटेके, राधेश्याम सोनवानी, मनीष हरित, राजू साहू, अजय रोहरा, आशीष शर्मा, सागर मयाणी, आसिफ मेमन, रामुराम साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदिनी ओंकार साहू, नंदिनी कोमल ढीढ़ी, शिवांगी चतुर्वेदी, देशबंधु नायक, तरुण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला पंचायत बेमेतरा में अध्यक्ष पद पर कल्पना योगेश तिवारी हुई विजयी

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पंचायत बेमेतरा में अध्यक्ष जिला पंचायत के आज हुए निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य कल्पना योगेश तिवारी विजय हुई।

उन्होंने प्रत्याशी शशि प्रभा गायकवाड़ को हराया। तिवारी को 10 और गायकवाड़ को 4 सदस्यों के मत मिले। वहीं जिला पंचायत बेमेतरा में उपाध्यक्ष जिला पंचायत के आज हुए निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य खुशबू गोविंद वर्मा विजय हुई। उन्होंने प्रत्याशी सुशीला वर्मा को हराया। खुशबू को 10 और सुशीला जोशी को 4 सदस्यों के मत मिले। जिसके बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने विजय प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी व खुशबू गोविंद वर्मा को विजय प्रमाण पत्र सौपा। निर्वाचन जिला पंचायत के सभागार में वैलेट पेपर से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि. संभाग क्र. 03
डी-1/17, सेक्टर-17, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

NIT-24/2024-2025/वलेलि दिनांक : 21-02-2025
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत :- 10/03/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक करने की अंतिम तिथि
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की:- 17/03/2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक अंतिम तिथि
निविदा खोलने की तिथि :- 18/03/2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदाओं की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
T0081	राज्य निर्वाचन आयोग सेक्टर 19 नवा रायपुर अटल नगर के चारों ओर जाली फैसिंग बाउंड्री एवं बिल गेट का निर्माण	3.80 4000.00 60000.00

आवेदन के साथ Registation Copy, GST Certificate, Bank Solvency एवं जी.एस.टी. भुगतान का 3बी प्रस्तुत करना अनिवार्य है
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है। अन्य जानकारी हेतु संभागीय कार्यालय में संपर्क करें।

जी-242505722/1
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 3
रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-कांकेर
Phone No. 07868-241213, Email Id- ee-res.kanker@gov.in
संक्षिप्त ई- निविदा आमंत्रण सूचना
क्रमांक/35/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2024-25 कांकेर, दिनांक 03/03/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित निविदा हेतु आनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 18.03.2025 तक आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नंबर	कार्य का नाम एवं स्थल	अनुमानित लागत (लाख में)	मैन्युअल दस्तावेज कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि
1	165332	शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय/छात्रावास परिसर बरदेभाटा (कोदाभाट) में अतिरिक्त कक्ष, हाल निर्माण कार्य प्रथम तल, शेड निर्माण कार्य एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य ग्राम- बरदेभाटा (कोदाभाट) वि.खं.-कांकेर।	89.79	20.03.2025

2. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 03.03.2025 से देखी जा सकती है।

जी-242505699/2
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग- कांकेर

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,
WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI GODAWARI BASIN
RAIPUR (C.G.)**
e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
CORRIGENDUM No-01
In System Tender 163954/NIT No.: 14/SAC/2024-25, Mahasamund, Dated: 09.01.2025
Whose G-Number is 242505247 dated 10.01.2025
following amendments are made :-

S.No	Amendments
1	Tender Document Form - "B" - Clause 2.1.6 (Disqualification) Envelope-B Clause 6.0 sub point (ii) and Envelope-C Clause 2.1.6 sub point (il), as per government of Chhattisgarh Order No. 466/F-7-7/S-2/31/2001 Dated 27.01.2025 and 795/F-7-7/S-2/31/2001 Dated 21.02.2025)
2	Online Tenders are invited up to 07.03.2025 at 17.30 Hour
3	Bid Open Start Date and time: 10.03.2025, 11:30 Hours

Note :- Detailed Amendments can be viewed on the web site https://eproc.cgstate.gov.in.All other terms and conditions will remain be unchanged.

EXECUTIVE ENGINEER
G-242505692/3 Water Itesources Division, Mahasamind
For, Chief Enggineer, Mahanadi, Godawari Basin

38वीं वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल
सार्वजनिक निलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सेनानी 38वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पु. बल, द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि 38वीं वाहिनी भा.तिसी. पु. बल खरोरा, जिला-रायपुर (छ.ग.) में रखे निष्प्रयोजित स्टोर जिसमें जला हुआ तेल जिसकी सार्वजनिक नीलामी दिनांक 15.03.2025 को 1000 बजे की जायेगी।
2. निष्प्रयोजित जला हुआ जेल जिसकी सार्वजनिक निलामी की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व समस्त बोली दाताओं को बतौर जमानत धनराशि रु. 2000/- (रुपये दोन हजार मात्र) सार्वजनिक नीलामी की कार्यवाही को पूर्ण कराने हेतु गठित समिति के पास जमा करनी होगी। असफल बोली दाताओं की जमा अग्रिम धनराशि को सार्वजनिक नीलामी की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त वापिस कर दी जायेगी।
3. उपरोक्त संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित दूरभाष नम्बर पर जानकारी ली जा सकती है।
दूरभाष नं.-9402753575/8700232273
कन्ट्रोल रूम का नं. -07720-210348

CBC 19112/11/0216/2425
शिविरपाल
38वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु. बल।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई,जिला-दुर्ग,छत्तीसगढ़,इंडिया,490001
आम सूचना

सीएसपी-टीईडी द्वारा विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62, 64 एवं 86 छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहु-वर्षीय टैरिफ सिद्धांत के अनुसार टैरिफ के निर्धारण के नियम और शर्तें और टैरिफ और शुल्कों से अपेक्षित राजस्व के निर्धारण के लिए कार्यप्रणाली और प्रक्रिया) विनियम के अनुपालन मे वर्ष 2023-24 के ट्रू-अप तथा वर्ष 2025-26 के विद्युत आपूर्ति हेतु खुदरा दर के निर्धारण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई है। इस याचिका को याचिका क्रमांक 04/2025 के रूप मे पंजीकृत किया गया है।

सीएसपी-टीईडी ने अपने उपभोक्ताओ के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए टैरिफ मे वृद्धि करने के लिए प्रार्थना की है ताकि इसे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के टैरिफ के बराबर लाया जा सके जिससे कि वर्ष 2025-26 के खर्चों की पूरी वसूली सुनिश्चित हो सके क्योंकि सीएसपी-टीईडी के उपभोक्ताओ की टैरिफ सीएसपीडीसीएल के अनुपात मे नही बढ़ाया गया था।

उपरोक्त सीएसपी-टीईडी द्वारा वर्ष 2025-26 हेतु खुदरा दर इस प्रकार तय करने हेतु प्रस्तावित किया गया है जिससे कि वर्ष 2023-24 के ट्रू-अप के पश्चात् अनुमोदित किए गए राजस्व घाटे सहित वर्ष 2025-26 की सम्पूर्ण वार्षिक राजस्व आवश्यकता की वसूली हो जाए।

सीएसपी-टीईडी द्वारा वर्ष 2023-24, 2025-26 के सकल राजस्व कमी के रूप मे रु. 1650.57 लाख, रु.1642.08 लाख प्रस्तावित किया गया है। सीएसपी-टीईडी द्वारा वर्तमान याचिका मे प्रस्तावित वार्षिक राजस्व आवश्यकता निम्न सारणी मे दर्शित है :-

(राशि रु. लाख)

विवरण	वित्त वर्ष 2023-24	वित्त वर्ष 2025-26
वार्षिक राजस्व आवश्यकता	9729.57	10912.78
राजस्व प्राप्ति	8079.00	9450.70
राजस्व आधिक्य/ (राजस्व कमी)	(1650.57)	(1462.08)

नोट :- वर्ष 2025-26 हेतु लागू विद्युत दर से अनुमानित राजस्व

उपरोक्त याचिका पर सुझाव/आपत्ति इस आम सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर-492001, ई-मेल: cserc.sec.cg@nic.in या/एवं महाप्रबंधक, भिलाई इस्पात संयंत्र (टीईडी) मानव संसाधन भवन, सिविक सेंटर, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)- 490006 के कार्यालय मे प्रस्तुत की जा सकती है। याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवसों मे रुपये 100/- का भुगतान कर पूर्वाह्न 11:00 से सांय: 4:00 के बीच प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रुपये 50/- (डाक व्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त याचिका पर आयोग द्वारा जन-सुनवाई भी की जाएगी। जन-सुनवाई हेतु स्थान एवं दिनांक की सूचना आयोग द्वारा पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशित की जायेगी।

महाप्रबंधक (टी.ई.ई.डी.),
विज्ञापन क्र.-बीएसपी-14/24-25, दिनांक 05.03.2025
पंजीकृत कार्यालय:इस्पात भवन,लोधी रोड,नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number: L27109DL1973GOI006454,Website: www.sail.co.in
हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल

कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला- धमतरी (छ.ग.)
-:: संपत्ति हस्तांतरण सूचना ::-
क्रमांक/आयुक्त/राजस्व विभाग/सं. नामां./2024/ धमतरी, दिनांक 05/03/2025

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों के द्वारा नगर पालिक निगम धमतरी के मांग पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदित संपत्ति के नामांतरण पर यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो लिखित दावा/आपत्ति पत्र प्रमाणित दस्तावेज सहित सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि पश्चात आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

स.क्र.	संपत्ति हस्ताक्षरकर्ता का नाम	संपत्ति हस्तांतरणकर्ता का नाम	वार्ड का नाम	नामांतरण का आधार	संपत्ति का विवरण
380	श्रीमती रंजना भट्टाचार्य पति श्री संजय भट्टाचार्य	श्रीमती माधुरी मित्रा पति श्री प्रदीप कुमार	बांसपारा वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, खसरा नंबर 969/35, शामिल 970, 971, 973, 974, 975,1011/1, रकबा 0.012 हे. /1250 वर्गफीट/ 116.17 वर्गमीटर
381	श्री सुदीप अग्रवाल पिता स्व. श्री कैलाशनाथ	श्री मानिकलाल साहू पिता श्री भुलूराम साहू	रामपुर वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, शीट नं. 40 सर्वे नं. 1120, प्लाट नं. 57/5 रकबा 35.78 वर्गमीटर
382	मनीष कुमार पिता श्री रामेश्वर लाल साहू	मेसर्स शिवराज इंटरप्राईजेस	जालमपुर वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, खसरा नंबर 1685/, 1685/2 1685/3, 1685/4, 1727/1, 1728/3 1729, 1730, 1749, 1750/1, 1750/2 1751, 1752, 1753, 1754/1, 1754/2, 1755/1, 1755/2, 1756, 1757 भूखंड क्र. एच.-8 रकबा 108 वर्गमीटर
383	गोविंद लाल साहू पिता श्री रामेश्वर लाल साहू	मेसर्स शिवराज इंटरप्राइजेस	जालमपुर वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, खसरा नंबर 1685/28, भूखण्ड एच-9, रकबा 108 वर्गमीटर/1162.51 व.फु.
384	निसार अली पिता अस्पाक अली	विनोद कुमार लालवानी पिता श्री लक्ष्मणदास	नयापारा वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, शीट नं. 21-ए प्लाट नं. 124, रकबा 123 वर्गमीटर
385	चंदनकुमार रजक पिता श्री सुकलाल रजक	श्रीमती सुनीता मेश्राम पति माखनलाल मेश्राम	नयापारा वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, खसरा नं. 842/61, रकबा 768 वर्गफुट/71.37 वर्गमीटर
386	किशोर कुमार जैसवानी पिता स्व. गोपीचंद जैसवानी	आनंद मल नैनूमल	रिसाईपारा पूर्व वार्ड	वंशानुक्रम	प.ह.नं. 33, शीट नं. 21 सी. भूखंड क्र. 160/2 रकबा 254 वर्गफुट
387	खेमचंद चावला पिता कन्हैयालाल चावला	गोदावरी बाई पति कन्हैयालाल चावला	आमापारा वार्ड	इच्छापत्र	प.ह.नं. 33, खसरा नंबर 428/5, प्लाट नं. 47 रकबा 1440 वर्गफुट
388	श्रीमती मधु कंवर पिता पवन कुमार	श्री राजेश पिता पुनारद मंडावी एवं अन्य 01	महात्मागांधी वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 35, खसरा नंबर 216/12 का भाग, रकबा 0.018 हे.
389	शहनाज हुसैन पिता अब्दुल हुसैन, खुशबू हुसैन पिता अलताफ हुसैन	कविता बरडिया पति श्री सतीश बडरिया	डा. अम्बेडर वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, खसरा नंबर 156/65, रकबा 1750 व.फु./ 162.63 व.मी.
390	रिजवान खान पिता मो. गुलजार खान, आयशा खान पिता मो. गुलजार अकशा खान पिता मो. गुलजार शहरून बी पति मो. गुलजार	गुरजार खान पिता गफुर खान	रिसाईपारा पूर्व वार्ड	बंशानुक्रम	प.ह.नं. 33, शीट नं. 20 डी. भूखंड क्र. 38/2, रकबा 33 वर्गमीटर
391	श्रीमती प्रमिला कामड़े पति आनंद राम	राजेश पिता शिवराम	शीतलापारा वार्ड	दानपत्र	प.ह.नं. 31, खसरा नंबर 518/1 का भाग, रकबा 200 व.फु./ 18.58 व.मी.
392	श्री दीपक सिंह, प्रकाश सिंह ललित, लक्ष्मी राजपूत पिता स्व. महेन्द्र सिंह	महेन्द्र सिंह पिता गोविंद सिंह	मराठापारा वार्ड	वंशानुक्रम	प.ह.नं. 33, शीट नं. 33 डी. भूखंड क्र. 247/1, रकबा 116.00 व.मी.
393	श्री जितेन्द्र कुमार पिता सहदेव दास	रविन्दर सिंह पिता स्व. भगवत सिंह बिन्द्रा	डा. अम्बेडकर वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 35, खसरा नंबर 130/133, रकबा 1284 व.फु.
394	श्रीमती कांति साहू पिता श्री ज्ञानी राम साहू	श्री घनश्याम सोनी पिता श्री लक्ष्मीनारायण	डा. अम्बेडकर वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं.33, खसरा नंबर 650/21 का भाग रकबा 1400 व.फु./ 130.11 व.फु.
395	कमल किशोर अग्रवाल पिता झुम्मकलाल अग्रवाल	श्रीमती दीपिका नाहर पति श्री भरत नाहर	स.व.भ.भाई. पटेल वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 32, खसरा नंबर 7/225, रकबा 1821.34 व.फु./169.27 व.मी.
396	श्रीमती रतना देवांगन पति श्री एवन देवांगन	श्रीमती हेतल चन्देश शाह पति चन्द्रेश शाह	स.व.भ.भाई पटेल वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 31, खसरा नंबर 850/31 रकबा 106.41 व.मी.
397	जीवराखन लाल पिता सुदर्शन साहू	दीपा साहू श्री अशोक कुमार वनिता पति श्री किशोर कुमार	जोधापुर वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 16/22, शीट नं. 33, खसरा नंबर 650/3, प्लाट नं. 7/1 रकबा 880 व.फु./81.78 व.मी.
398	नीलकमल देवांगन पिता चंद्रहास देवांगन	श्री सुरेन्द्र कुमार देवांगन पिता चन्द्रहास देवांगन	डाक बंगला वार्ड	हकत्याग	प.ह.नं. 35, खसरा नंबर 1036/15 रकबा 2900 व.फु./ 269.51 व.मी.
399	नर्मदा बाई पति स्व. बंशी हल्बा कंचन पिता स्व. बंशी	बंशी पिता समारू	सुभाषनगर वार्ड	वंशानुक्रम	प.ह.नं. 31, शीट नं. 5, सर्वे नं. 183/2, भूखंड क्र. 12/1, 13 रकबा 664 वर्गफुट
400	श्रीमती लक्ष्मी साहू पति श्री पुरूषोत्तम साहू	गौरव वाधवानी पिता संतराम वाधवानी	श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, खसरा नंबर 1699/7 रकबा 1500 व.फु./ 139.40 व.मी.
401	श्री सुरेशचंद पारेख पिता श्री कन्हैयालाल	गजराज जैन पिता स्व. श्री मानमल जी जैन	मोटर स्टैण्ड वार्ड	तबादला नामा	प.ह.नं. 33, शीट नं. 31 बी, भूखंड क्र. 89/1 रकबा 68.24 वर्गफुट
402	विवेक पारख पिता श्री सुरेशचंद	गजराज जैन पिता स्व. श्री मानमल जी जैन	मोटर स्टैण्ड वार्ड	तबादलानामा	प.ह.नं. 33, शीट नं. 31 बी, भूखंड क्र. 83/4, 83/3, रकबा 1439.25 वर्गफुट
403	नंदकुमार पिता हेमलाल	राजेश, राजू पिता पुनाराम मंडावी	महात्मागाधी वार्ड	विक्रय विलेख	प.ह.नं. 35, खसरा नंबर 216/39 रकबा 0.018 हे.
404	पंचम राम साहू पिता रामलाल साहू	पवन कुमार पिता श्री पंचराम साहू , भूपेन्द्र सिंह पिता पंचराम	रामपुर वार्ड	दानपत्र	प.ह.नं. 33, शीट नं.45 बी, भूखंड क्र. 41/1-2 /7, रकबा 39.77 वर्गमीटर
405	श्री दूजराम टंडन पिता सुंदरलाल टंडन	श्री नवीन टंडन पिता भागीरथी श्री अभिषेक टंडन पिता भागीरथी	डाकबंगला वार्ड	बिक्री पत्र	प.ह.नं. 33, खसरा नंबर 589/1, 589/4, 589/7 रकबा 0.021 हे. 2358 वर्गफुट
406	श्री श्यामसुंदर अग्रवाल पिता रतनलाल, श्रीमती शकुंतला अग्रवाल पति श्री श्यामसुंदर	श्री अवन्तिका आंध्रा पति श्री स्व. कांतीलाल, नरेश पिता श्री कांतिलाल आंध्रा	मोटर स्टैण्ड वार्ड	विक्रय विलेख	प.ह.नं. 33, परि. शीट नं. 09., सर्वे नं. 479, प्लाट नं. 49, 50, 50/1 में से रकबा 1554, 1003 वर्गफुट, 147.21 व.मी.
407	सत्यविजय सिंह गौर पिता श्री अरुण कुमार गौर	श्री हेमन्त कुमार सोनकर पिता श्री उधोराम	गोकुलपुर वार्ड	विक्रय विलेख	प.ह.नं. 18/24, खसरा नंबर 218/75 का भाग, रकबा 3060 वर्गफुट 284.33 व.मी.
408	हरप्रीत सिंहर गिल पिता चन्द्रसिंह गिल	श्रीमती मंजीत कौर पति चन्द्रसिंह गिल	रिसाईपारा वार्ड	वंशानुक्रम	नगर पालिका हाई स्कूल रिसाईपारा रोड दुकान क्र. 06
409	हर्षा गंगवानी पति स्व. दीपक गंगवानी	श्री दीपक गंगवानी पिता श्यामलाल गंगवानी	धमतरी	वंशानुक्रम	नगर पालिका हाई स्कूल बस्तर रोड दुकान क्र. 12
410	समद खान पिता अब्दुल गफ्फार खान	श्रीमती सुशीला मोटवानी पति मनोहर मोटवानी	आमापारा वार्ड	विक्रय पत्र	रत्नाबांधा रोड इलाहाबाद बैंक के बाजू दुकान क्र. 03
411	हर्ष चावला पिता स्व. मनोज कुमार चावला	गोवर्धन चावला पिता स्व. ज्योति राम जी	मोटर स्टैण्ड वार्ड	सहमति पत्र	बालक चौक शांपिग काम्पलेक्स दुकान क्र. 24

(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

उपायुक्त
नगर पालिक निगम धमतरी

भाटापारा शाखा नहर सहित विभिन्न सड़कों और पुल-पुलियों के लिए साव की मांग पर बजट में मिली स्वीकृति

■ क्षेत्र में विकास और निर्माण कार्यों का बिछेगा जाल: इंद्र साव

भाटापारा/नवप्रदेश। क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव द्वारा बजट में विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृत हेतु विभाग के मंत्रियों के समक्ष किए गए मांग पत्र पर बजट में करोड़ो रुपयों की राशि स्वीकृत की गई है,जिसमें भाटापारा शाखा नहर का कार्य सहित विधान सभा क्षेत्र की अनेक सड़को का निर्माण और पुल पुलियों का निर्माण शामिल है।बजट में क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत करने पर विधायक इंद्र साव ने विभागीय मंत्रियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के सक्रिय विधायक इंद्र साव ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के हितों और उनकी मांगी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2025-26 में विभिन्न निर्माण कार्यों को स्वीकृत हेतु संबंधित विभाग के मंत्रियों के समक्ष मांग पत्र प्रस्तुत किया था। विधायक इंद्र साव द्वारा अनुशंसित निर्माण कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति देते हेतु वितीय वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में शामिल किया गया है। इन कार्यों को बजट में शामिल हो जाने पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों गति मिलेगी वही अन्य सुविधाएं भी प्राप्त होगी। उपरोक्त संबंध में विधायक कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार लोक निर्माण विभाग अंतर्गत बजट में शामिल एवं स्वीकृत निर्माण कार्य में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के कोलिहा से मोटियारीडीह मार्ग पर खोरसी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य 3 करोड़ 24 लाख, देवरीडीह से कोलिहा मार्ग पर बंजारी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य 6 करोड़ 48 लाख, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के भाटापारा

मोपका-धनेली मार्ग लं. 20.00 किमी का मजबूतीकरण कार्य 10 करोड़, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के गुर्रा से जोगीद्वीप मार्ग लं. 2.00 किमी. का निर्माण कार्य 2 करोड़, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के करहीबाजार पुलिस चौकी से रामपुर (शिवनाथ नदी पुल तक) मार्ग लं. 4.50 किमी में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य 4 करोड़ .50लाख, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के भाटापारा मोपका-धनेली मार्ग लं. 19.20 किमी में भू-अर्जन कार्य हेतु 20 करोड़ 36 लाख, जल संसाधन विभाग अंतर्गत स्वीकृत कार्य - सिमगा वितरक नहर नहर का शेष मिट्टी कार्य पक्के कार्यों एवं रिसेक्शनिंग व सी.सी. कार्य 25.00 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर की चक्रवाही वितरक का शेष रिमोडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 200.00 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर की चक्रवाही वितरक नहर की अकलतरा माईनर की मोटियारीडीह सबमाईनर, नवागांव माईनर, भोथीडीह माईनर एवं चंदेरी माईनर का रिमोडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 200 करोड़, सोंढूर परियोजनांतर्गत भाटापारा शाखा नहर के कि.मी. 55.00 से 70.00 का रिमोडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 200 करोड़, सोंढूर परियोजनांतर्गत भाटापारा शाखा नहर के शेष पक्के कार्य एवं कि.मी. 00 से 85.715 तक सी.सी. लाईनिंग कार्य 25 करोड़,

सोंढूर परियोजना अंतर्गत राजाढ़ार वितरक नहर के राजाढ़ार माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत अकोली वितरक नहर के लेवई माइनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, भाटापारा शाखा नहर के चक्रवाही वितरक नहर के अकलतरा माईनर के 06 नग मईनरों के भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर के गुजरा वितरक नहर की 03 नग माईनर एवं परसरदा वितरक नहर का लाईनिंग कार्य 15 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर के बेन्द्री एवं बांयी अंतिम छोर वितरक नहर का रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य 20 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत अकोली वितरक नहर के सिंगारपुर माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत अकोली वितरक नहर के कोनी माईनर से सेम्हराडीह उप माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत भाटापारा शाखा नहर के कि.मी. 65.00 पर व्ही.आर.बी. व कि.मी. 69.00 पर डी.सी. का निर्माण कार्य, कि.मी. 70.00 पर स्केप व कि.मी. 83.200 पर डी.सी. व 83.400 पर व्ही.आर.बी. का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत बेन्द्री वितरक नहर से अचानकपुर माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सोंढूर परियोजना अंतर्गत बेन्द्री वितरक नहर के खैरी माईनर का निर्माण कार्य 25 करोड़, सिमगा वितरक नहर के माईन क्र.02 के सबमाईनर क्र. 02,03 एवं 04 के भू-अर्जन सहित मिट्टी व पक्के निर्माण कार्य 25 करोड़, आदि को बजट में शामिल करते हुए स्वीकृति प्रदान की गई।

न्यूज गैलरी

बजट से छत्तीसगढ़ की गति को रफ्तार मिलेगी

भाटापारा/नवप्रदेश। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य सविता प्रदीप अनंत व निर्वतमान सरपँच नीतू रवि आडिल ग्राम पंचायत बोड़तरा ने छत्तीसगढ़ सरकार की वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के द्वारा प्रस्तुत बजट को विकासोन्मुखी बताया ।उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में अत्यधिक सुधार आएगी युवा युवतियों के लिए रोजगार के अवसर खुलेंगे। बजट से ग्रामीण जनता के विकास में दिशा मिलेगी लखपति दीदी से नारी शक्ति का विकास बढ़ेगी महतारी वंदन योजना जैसे जमीनी स्तर के योजनाओं से नारी शसक्तीकरण एवम आत्मनिर्भर बनने सहायक होगी। बजट सराहनीय और स्वागतेय है।

छत्तीसगढ़ को विकसित करने वाला बजट : सुरेश वर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा विष्णुदेव सरकार के दूसरे बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा ग्रामीण मंडल भाटापारा के प्रचार-प्रसार मंत्री सुरेश वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला हस्तलिखित बजट पेश किया गया है।यह बजट निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश के रूप में स्थापित करने में आगे बढ़ाएगा युवाओं,महिलाओं का आत्म सम्मान बढ़ाने के लिए बजट पेश किया गया हैं, जिसका हम सम्मान करते है, भाजपा के ध्येय वाक्य हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे को चिरथार्थ करने वाला बताया द्य श्री वर्मा ने कहा कि वित्तमंत्री ने विधानसभा में 165100 (1लाख 65 हजार करोड़) रुपए का बजट पेश किया हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12प्रतिशत अधिक है! इस बजट में हेल्थ सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, मेडिकल कालेजों को सशक्त बनाने, नए अस्पतालों की स्थापना, तथा आईवीएफ और नेचुरोपैथी को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं श्री वर्मा ने इस बजट को छत्तीसगढ़ के विकास को नई ऊर्जा के साथ तेज गति देने वाला बजट बताया हैं!

दिव्यांग बच्चों का दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

बेमेतरा/नवप्रदेश। समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए बेमेतरा जिले के प्रतिभागियों को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता 05 एवं 06 मार्च 2025 को स्व. बी.आर. यादव खेल परिसर, बहतराई, सीपत रोड, बिलासपुर में आयोजित की जा रही है। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा बेमेतरा से आयोजित विदाई समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी श्री कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक श्री नरेन्द्र वर्मा, एपीसी श्री भूपेन्द्र कुमार साहू, समावेशी शिक्षा प्रभारी श्रीमती रेणुका चौबे एवं विकासखंड स्रोत समन्वयकों की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के लिए भेजे गए दल में 07 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, 04 पालक तथा 03 बीआरपी (समावेशी शिक्षा) शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की ओर अग्रसर हो सकें।

हमारी प्राथमिकता प्रत्येक जिले में अच्छे सर्व सुविधायुक्त न्यायालय भवन उपलब्ध कराना

न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का किया शिलान्यास

बेमेतरा/नवप्रदेश। तहसील साजा में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के माननीय मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से भूमि पूजन व शिलान्यास किया गया। 751.75 लाख के लागत से बनने वाले इस नवीन भवन का निर्माण ग्राम डोंगीतराई, साजा, जिला-बेमेतरा में हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास, पोर्टफोलियो जज, जिला न्यायालय, बेमेतरा उपस्थित रहें।'

माननीय चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां कि हमारी प्राथमिकता छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले में अच्छे सर्व सुविधायुक्त न्यायालय भवन उपलब्ध कराना है, जिसके चलते राज्य सरकार के सहयोग से एक और कदम आगे बढ़ाते हुए तहसील साजा व्यवहार न्यायालय का भूमि पूजन व शिलान्यास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहां गया कि लोक निर्माण विभाग एक वर्ष की

समय-सीमा में इतना अच्छा व गुणवत्ता युक्त भवन तैयार करें जिससे भविष्य में लोगों को लम्बे समय तक यह भवन याद रहें। नवनिर्मित भवन सभी प्रकार की सुविधा से सुसज्जित होना चाहिए, जिससे यहां आने वाले पक्षकारों, अधिवक्तागण को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होनें कहां कि भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन पहली सीढ़ी है नवीन भवन बन जाने के बाद व्यवहार न्यायालय के अधिकारी व कर्मचारीगण की कार्य क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीश को भी यह कर्तव्य निभाना होगा कि भवन निर्माण के पश्चात् उसकी साफ-सफाई व आने वाले पक्षकारों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं मिलती रहें। कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होनें कहा गया कि मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में जिला बेमेतरा में यह चौथा कार्यक्रम संपन्न हुआ है। माननीय मुख्य न्यायाधिपति के बेमेतरा जिलें के भ्रमण के उपरांत ही जिला न्यायालय नवीन भवन बेमेतरा, न्यायालयीन कर्मचारी आवासीय परिसर सिंघौरी, परिवार न्यायालय नवीन भवन बेमेतरा के पश्चात् वर्ष 2009 से प्रारंभ व्यवहार न्यायालय तहसील साजा के नवीन भवन का निर्माण होना अपेक्षित था, जो माननीय मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं बेमेतरा जिले के पोर्टफोलियो जज न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास के आतिथ्य से सम्पन्न हुआ है। उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व समस्त सभाजनों का अभिवादन किया गया।

'इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू,मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार, न्यायाधीश कुटुम्ब नीलिमा सिंह बघेल,अध्यक्ष अधिवक्ता संघ प्रणीश चौबे, बेमेतरा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ साजा मूलवचन्द्र शर्मा सहित अधिवक्ता, न्यायालय के कर्मचारी गणमान्य नागरिक मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।' कार्यक्रम में जिला बेमेतरा के प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, देवेन्द्र कुमार ने आभार प्रदर्शित करते हुए अतिथिगण एवं समस्त अधिकारीगण का धन्यवाद ज्ञापित किया।

नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सहित 15 पार्षदों ने ली शपथ

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी में अनुविभागीय अधिकारी प्रीति दुर्गम ने अध्यक्ष सहित 15 पार्षदों को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने नगर विकास के लिए ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से काम करने की शपथ ली समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी, नगर पंचायत के कर्मचारी, पत्रकार और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इससे पहले पूर्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा और 15 पार्षदों ने 14 ट्रैक्टर और एक हार्वेस्टर वाहन से बैठकर नगर का भ्रमण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धमतरी के महापौर रामू रोहरा रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, वे जनता के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करें और नगर के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर बलजीत छाबड़ा ने कहा कि, उनका अध्यय कार्यकाल केवल राजनीति तक सीमित नहीं है। उन्होंने नगरवासियों को विश्वास दिलाया जो जिम्मेदारी जनता ने मेरे कंधों पर रखा है उस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाउंगा। उन्होंने कहा कि, हर वर्ग के युवाओं, बुजुर्गों, माताओं-बहनों, व्यापारियों सहित सभी समुदायों के साथ मिलकर काम करेंगे और नगरी को विकास के पथ पर आगे ले जाएंगे। इस अवसर पर सिहावा विधायक अंबिका मरकाम धमतरी नगर निगम के महापौर रामू रोहरा, महेंद्र पंडित, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नोहरू राम निषाद पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, अशोक सोम पिंकी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य अरूण कुमार सार्वा, अजय फत्ते लाल ध्रुव, अराधना शुक्ला, अजय नाहटा, नंदकुमार यादव सहित भाजपा के कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद रहे।

भाटापारा रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर में अब ऑन लाइन भुगतान की सुविधा शुरू

■ यात्रियों को चिल्हर की समस्या से मिलेगी मुक्ति

भाटापारा/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से तीनो रेल मंडल में टिकटिंग प्रणाली में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसके तहत अब भाटापारा स्टेशन पर भी यू टी एस काउंटर पर ऑन लाइन भुगतान की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है।इस सुविधा के चालू होने से आम रेल यात्रियों को चिल्हर पैसों की होने असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। डी आर यू सी सी रायपुर रेल मंडल के सदस्य राजेश शर्मा ने रेलवे की इस पहल का स्वागत करते हुए रेल यात्रियों से रेल टिकट कतार से बचने डिजिटल भुगतान सुविधा का लाभ लेने की अपील की है। उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी अनुसार बिलासपुर मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद रायपुर रेल मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों के एक टिकट काउंटर को छोडकर अन्य टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा का प्रावधान किया गया है। इस पहल के तहत टिकट काउंटर में बैठे कर्मचारियों द्वारा हर संभव सहायता की जा रही है, यात्रियों को ऑन लाइन भुगतान के साथ ही एटीवीएम से टिकट लेने के प्रक्रियाओं, इससे होने वाली फ़ायदों तथा घर बैठे यूटीएस ऑन

मोबाइल ऐप माध्यम से टिकट लेने के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस पहल से यात्रियों को चिल्हर की समस्या, नकद लेन-देन की परेशानी से मुक्ति के साथ चिल्हर नहीं होने की स्थिति में ओवर चार्जिंग जैसी शिकायतों का समाधान तथा पारदर्शी टिकटिंग की सुविधा मिलेगी।उल्लेखनीय है कि डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है साथ ही क्यूआर कोड और यूपीआई आईडी के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है 7 रायपुर रेल मंडल सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने रेल यात्रियों से

डिजिटल भुगतान को अपनाकर रेलवे की इस नवीन पहल का लाभ उठाने और रेलवे को अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने सहयोग की अपील की है।

जिला जल शक्ति केंद्र में समीक्षा बैठक आयोजित

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला जल शक्ति केंद्र में जल संरक्षण और जल स्तर बनाए रखने को लेकर एक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद्र अग्रवाल ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में खराब बोरवेल के आसपास रिचार्ज पिट्स बनाने के निर्देश दिए, जिससे ग्रीष्म ऋतु में जल स्त्रोतों का जलस्तर बना रहे और पानी की समस्या न हो।

बोर्ड परीक्षा का सुचारू संचालन, नकल प्रकरण नहीं

भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू हो चुकी है मंगलवार को कक्षा बारहवीं का अंग्रेजी विषय का पेपर जिले के 119 परीक्षा केन्द्र में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।कलेक्टर द्वारा गठित उडनदस्ता दल में शामिल अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज ने नगरपालिका कन्या शाला का परीक्षा केन्द का निरीक्षण किया गया।जानकारी अनुसार सभी जगह परीक्षाएं शांतिपूर्वक एवं बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई नकल का कहीं कोई प्रकरण उड़न दस्ता दलों को नहीं मिला जो की जिले के लिए एक उपलब्धि है। उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार परीक्षा सुबह 9:00 बजे से लेकर 12:15 तक हुई।

निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्दो में पेयजल एवं बिजली की समुचित व्यवस्था की गई है । 12वीं का अंग्रेजी विषय का पेपर था हिमांशु भारती जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनके टीम के द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया ।कलेक्टर द्वारा गठित उड़नदस्ता टिम में शामिल तहसीलदार भाटापारा यशवंत राज एवं उनके टीम के द्वारा इतवारी राम यादव माध्यमिक विद्यालय भाटापारा अतिरिक्त तहसीलदार प्रेमा मिंज के द्वारा नगर पालिका कन्या उच्च, माध्यमिक विद्यालय भाटापारा सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सहित पार्षदों ने ली शपथ

■ उप मुख्यमंत्री अरुण साव शपथ ग्राहम समारोह में हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद भाटापारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा व रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में शपथ ली। नगर भवन भाटापारा में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता नें नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्षों और पार्षदों ने उप मुख्यमंत्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री साव नें नवनिर्वाचित अध्यक्ष

और पार्षदों को बधाई तथा शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाटापारा की जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया है और उनके आशीर्वाद को फलिभूत करने विकास के काम करने होंगे । उन्होंने कहा कि जनता की ईच्छा और आकांक्षा के मुताबिक शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाकर संवरना है। विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में सरकार पूरी तरह सहयोग करेगी। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा नें कहा क़ि आज क़ा दिन ऐतिहासिक है, आज सरकार नें दूसरी बार बजट पेश किया है जिसमें सभी वर्गों के हित व विकास को ध्यान में रखा गया वहीं आज भाटापारा में नगर सरकार का गठन हो रहा है। अध्यक्ष व सभी पार्षद मिलकर नगर के विकास कार्य को गति देने क़ा काम करेंगे। समारोह को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने मंच पर आसीन अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जो आशीर्वाद पार्टी को दिया है वे अपने सभी पार्षदों की ओर से आश्वस्त करता हु कि नगर विकास को सपने के अनुरूप बनाने पूरा प्रयास होगा,अपना शहर का हम बेहतर विकास करेंगे उस बात का आपको भरोसा जताता हुं।

जागरूकता... 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध गतिविधियों के साथ-साथ महिला सम्मान समारोह का आयोजन होगा'

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन को लेकर स्वच्छ भारत मिशन की बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के भव्य आयोजन को लेकर आज जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित थी। जबकि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचंद्र अग्रवाल ने आयोजन की रूपरेखा पर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की।

बैठक में महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता जागरूकता और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। 8 मार्च को जिला स्तरीय

'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम मे विविध गतिविधियों के साथ साथ महिला सम्मान समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम बेमेतरा स्थित टाउन हाल में किया जाना है। जिसमें विभिन्न विभागों,महिला बाल विकास विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाली एक महिला अधिकारी/ कर्मचारी उत्कृष्ट कार्य करने वाली और इसके अतिरिक्त नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर महिला स्वच्छग्राही समूह एवं प्रेरक, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका,मितानिन को भी सम्मानित किया जाएगा है।'

जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग चंद्रशेखर शिवहरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री चंद्रवेश सिंह सिसोदिया, उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना एवं उप संचालक समाज कल्याण बरखा कासू सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें स्वच्छता अभियान, महिलाओं के लिए जागरूकता सत्र, सम्मान समारोह और प्रेरणादायक वक्तव्य शामिल हैं। इस बैठक में समस्त विभागों की सहभागिता से एक प्रभावी एवं जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया, जिससे समाज में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त किया जा सके।

कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर तीनों युवकों का पैर हुआ फैक्कर

नवापारा राजिम। क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार नवापारा निवासी सूरज देवांगन, परसदा निवासी रितिक साहू और ओंकार यादव तीन एक बाइक में सवार होकर रायपुर काम पर जा रहे थे। बाइक सवार सुंदरकेरा के पास

पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार कार सीजी 06 जीडी 9858 ने बाइक सीजी 04 एनएफ 1038 को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने इसकी जानकारी डायल 112 और एंबुलेंस को दी।

न्यूज गैलरी

लोकेश जायसवाल ने किया सीए फाउंडेशन क्लीयर

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा मे निवासरत लोकेश जायसवाल ने अपने पहले ही प्रयास मे सीए फाउंडेशन की परीक्षा पास किया है। बता दे कि लोकेश स्कूली जीवन से ही मेधावी छात्र रहा है। लगातार स्कुल मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ अपने विद्यालय और परिवार नगर का नाम रोशन किया है, कुछ पारिवारिक जिम्मेदारी के चलते लोकेश 12 वी के बाद बाहर न जाकर घर पर ही ऑनलाइन क्लास ज्वाइन किया, वे सतत शिक्षकों के मार्गदर्शन मे अपनी तैयारी जारी रखा और आज जैसे परीक्षा परिणाम आया परिवार मे खुशी का माहौल बन गया। लोकेश जायसवाल के इस सफलता पर परिवार व नगर के लोगो ने बधाई दिए। लोकेश राजेश जायसवाल संकुल समन्वयक केहका व जमुना जायसवाल पार्षद वार्ड क्रमांक 11 नप साजा के पुत्र है।

3 प्रतिशत डीए का स्वागत लेकिन मोदी के गारंटी के अनुरूप नहीं

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा व रायपुर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बजट में शिक्षकों व कर्मचारियों को मार्च 2025 से 3% महंगाई भत्ता देने की घोषणा स्वागतेय है, किन्तु महंगाई भत्ता के लंबित एरियर्स को सीजीपीएफमें जमा किया जाना था। शिक्षक व कर्मचारियों की भर्ती व शिक्षा उन्नयन के लिए पीएमश्री शाला उन्नयन की घोषणा सकारात्मक है। एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पेंशन हेतु पूर्व सेवा की गणना करने व सरकार से मोदी जी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने, समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान करने, शिक्षक समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक वेतन निर्धारण करने सहित कैशलेश चिकित्सा सुविधा की उम्मीद थी जो पूरी नही हुई जिससे शिक्षकों में उत्साह नही है।

सौरभ एवं दानी ने पीएमश्री स्कूलों के लिए 277 करोड़ के प्रावधान पर जताया आभार

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अंचल के प्रतिष्ठित पीएम श्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरभ सिंटू जैन एवं संस्था प्राचार्य एफके दानी ने पीएमश्री स्कूलों के लिए छत्तीसगढ़ के बजट में 277 करोड़ का प्रावधान किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधायक इन्द्रकुमार साहू का आभार जताया है।

विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य बजट में शामिल

खैरागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार के बजट मे विधायक यशोदा वर्मा के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लोक निर्माण विभाग में करोडों रुपये के विकास कार्य सडक़, पुलिया व भवन निर्माण को बजट में प्रावधान किया गया है । क्षेत्र के विकास कार्य को बजट में शामिल करने पर विधायक वर्मा ने सरकार का आभार प्रकट किया है । विधायक यशोदा वर्मा ने बताया कि सरकार के बजट में शामिल स्वीकृत कार्यो में धनेली से देवारीभाट गौठान होते भरदाकला बढ़ईटोला पहुँच मार्ग लागत 21 करोड़ रुपये , कामठा से हरदी पहुँच मार्ग लागत 3 करोड़ रूपये ,श्यामपुर से बकरकट्टा पहुँच मार्ग लागत 25 करोड़ , काशीटोला से ढाप पहुँच मार्ग लागत 4 करोड़ , भोथली से बकरकट्टा पहुंच मार्ग लागत 13 करोड़ रूपये , भीमपुरी से बोराई पहुँच मार्ग लागत 3 करोड़ रु. , गंडई पंडरिया से दौजरी मार्ग लागत 4 करोड़ , करमतरा से घुमर्रा पहुंच मार्ग लागत 5 करोड़ रु

अतरिया मेन रोड से भोरमपुर मार्ग लागत 2.25 करोड़ , खैरागढ़ से लांजी मार्ग 6.30 करोड़ रुपये ,दाऊचौरा से ढारा पहुंच मार्ग 5 करोड़ , सोनेसरार से औधोगिक प्रशिक्षण केंद्र पहुंच मार्ग 1.45 करोड़ रुपये, खैरागढ़ शहर नाली निर्माण 40 लाख , छुईखदान, उदयपुर बुंदेली मार्ग उन्नतिकरण व पुनर्निर्माण 59.67 करोड़ की स्वीकृति दी गई है । इसी प्रकार क्षेत्र के नदी नालों में उच्चस्तरीय पुलिया निर्माण हेतु धनगांव से गोदरी पहुँच मार्ग पर पुलिया निर्माण लागत 8.40 करोड़ , दुल्लापुर स्थित नाला पर पुलिया निर्माण 2.52 करोड़ , कृतबास मार्ग पर स्थित सुरही नदी पर पुलिया निर्माण 3.73 करोड़ , छुईखदान से गंडई पहुंच मार्ग पर घिरघोली के पास पुलिया निर्माण 3.47 करोड़ , जालबाधा मार्ग में कुरही नदी पर पुलिया निर्माण 4.11 करोड, देवपुरा से भुरभुसी पहुंच मार्ग बेंगरी पुलिया निर्माण ,खैरागढ़ से अकरजन मार्ग पर पुलिया निर्माण 4.71 करोड़ रु , बघमर्रा से करमतरा मार्ग पर पुलिया निर्माण 3.43 करोड़ रु , मानपुर पहाड़ी से मोहगांव मार्ग पर पुलिया निर्माण लागत 4.20करोड़ रुपये , डोकराभाठा से पद्मावतीपुर मार्ग पर पुलिया निर्माण 1 करोड़ रुपये, खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला शासकीय भवन हेतु खैरागढ़ नगर में जी.ए. डी क्वाटर निर्माण 3.33 करोड़ शासकीय पॉलिटेक्निक शाला अतिरिक्त भवन निर्माण 30 लाख शासकीय कन्या महाविद्यालय भवन निर्माण खैरागढ़ लागत 2 करोड़ रुपये ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन चंदैनी लागत 1.21 करोड़ रुपये , संयुक्त जिला कार्यालय भवन निर्माण लागत 3.81 करोड रुपये ,सैनिक बैरक भवन निर्माण लागत 1.05करोड़ रुपये , खैरागढ़ में न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों के लिए डी, ई व एफ टाइप आवासीय भवन निर्माण ,छुईखदान में न्यायिक अधिकारी व कर्मचारियों के लिए डी, ई व एफटाइप शासकीय आवास निर्माण ,खैरागढ़ छुईखदान न्यायालय में सी सी टी व्ही व कैमरा स्थापना ,छुईखदान में मॉडल उप पंजीयक भवन निर्माण लागत 80 लाख , खैरागढ़ सर्किट हाउस निर्माण लागत 4 करोड़ रुपये , साल्हेवारा में विश्राम गृह निर्माण लागत 1.20 करोड़ रुपये , छुईखदान व गंडई रेस्ट हाउस में 3-3 अतिरिक्त कमरा निर्माण लागत 1-1 करोड़ रुपये मात्र , नवनिर्वाचित जिला में छुईखदान पर 2 नग ॥ टाइप 2 नग आवासीय भवन निर्माण लागत 1 करोड़ रुपये बजट में प्रावधान करने पर विधायक यशोदा वर्मा ने आभार प्रकट किया है।

जिला पंचायत में भाजपा का लहराया परचम

गौरी शंकर कश्यप बने जिला पंचायत अध्यक्ष, लालिमा ठाकुर निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गई

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी मज़बूत पकड़ साबित कर दी है। नगर पालिका, जनपद पंचायत के बाद अब जिला पंचायत में भी भाजपा ने निर्विरोध जीत दर्ज की है। भाजपा समर्थित उम्मीदवार गौरी शंकर कश्यप को जिला पंचायत अध्यक्ष और लालिमा ठाकुर को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुना गया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ पूरा गरियाबंद जिला भाजपामय हो गया है।

सुबह से चला सस्पेंस, दोपहर को हुआ फैसला : आज सुबह से ही जिले में गहमागहमी का माहौल था। राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज थीं, लेकिन दोपहर 12:30 बजे भाजपा की ओर से अंतिम निर्णय लिया गया और पार्टी ने निर्विरोध अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए गौरी शंकर कश्यप और लालिमा ठाकुर के नाम पर मुहर लगा दी। इसके साथ ही गरियाबंद जिला पंचायत में भाजपा की सशक्त उपस्थिति दर्ज हो गई।

विधायक रोहित साहू बोले– जनता ने पीएम मोदी और सीएम विष्णुदेव साय की गारंटी पर मोहर लगाई

विधायक रोहित साहू ने इस जीत को जनता का भाजपा पर भरोसा बताते हुए कहा, नगर पालिका, जनपद और अब जिला पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनता ने विकास की राजनीति को चुना है। केंद्र और राज्य सरकार गांव, गरीब और किसानों सहित हर वर्ग के विकास के लिए कार्य कर रही है। भाजपा ने जो वादे किए, उन्हें पूरा किया, यही वजह है कि जनता ने पूरे जोश के साथ हमें आशीर्वाद दिया है।÷

अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप पार्टी ने जो विश्वास जताया, उस पर खरा उतरूंगा : निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए गौरी शंकर कश्यप ने इस बड़ी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा,- मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को नमन करता हूं, जिन्होंने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास जताकर यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। मैं पूरी कोशिश करूंगा कि उनके विश्वास पर खरा उतरूं और पार्टी की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करूं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में हमने यह चुनाव जीता है, उनके मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट करता हूं।

उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर—हर वर्ग के हित के लिए काम करूंगी

निर्विरोध उपाध्यक्ष चुनी गई लालिमा ठाकुर ने कहा,- भाजपा ने जो आशीर्वाद और दायित्व मुझे सौंपा है, उसे पूरी निष्ठा से निभाऊंगी। मैं जनता के हित में हर संभव प्रयास करूंगी, ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में यह जीत संभव हुई, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूं।÷

ये जनता की जीत है : गफ़्फ़ूमेमन

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष गफ़्फ़ूमेमन ने दी बधाई, कहा–पीएम मोदी सीएम विष्णुदेव साय, और विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में ऐतिहासिक जीत जनता का विश्वास भाजपा के साथ, दोनों निर्विरोध प्रत्याशियों को शुभकामनाएं। संगठन और कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत रंग लाई, सीएम साय के सुशासन और विकास योजनाओं पर जनता ने लगाया मुहर।

भाजपा की मजबूत पकड़, जिले में विपक्ष का सूपड़ा साफ: नगर पालिका, जनपद और जिला पंचायत में भाजपा की निर्णायक जीत ने यह साफ कर दिया है कि जिले में पार्टी की पकड़ मजबूत है। पंचायत स्तर से लेकर जिले की सत्ता तक भाजपा ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इस जीत से भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश है और जिले में पार्टी का परचम लहराने का जश्न मनाया जा रहा है।

कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली जीत

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने इस जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और पार्टी नेतृत्व की रणनीति का परिणाम बताते हुए कहा,– गरियाबंद जिले में भाजपा की यह शानदार जीत कार्यकर्ताओं के परिश्रम और शीर्ष नेतृत्व के सटीक मार्गदर्शन का नतीजा है। सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को बधाई, जिन्होंने भाजपा की विचारधारा को स्वीकार करते हुए हमें विजयी बनाया।

भीषण सड़क हादसे में एक युवती की मौत

नवापारा/नवप्रदेश। नवापारा क्षेत्र के भीषण सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई है, जबकि 5 लोग घायल बताए जा रहे हैं। इसमें दो की हालत गंभीर है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है। घटना रायपुर जिले के गोबरा नवापारा क्षेत्र की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि करीब 8.15 बजे चंपारण-आरंग मार्ग में ग्राम टीला के पास दो बाइक की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी जानकारी डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही नवापारा डायल 112 में तैनात खिलेंद्र पाटिल और चालक पुष्पेंद्र साहू तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुए।

बहन की मौत, भाई-बहन गंभीर : पुलिस घायलों को नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने एक युवती को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया। वहीं एक का उपचार अस्पताल में चल रहा है। पुलिसकर्मी खिलेंद्र पाटिल ने बताया कि पैशन प्रो बाइक क्र सीजी 04 केआर 1339 में

सवार मनीष ध्रुव (19 वर्ष), नगीना ध्रुव (21 वर्ष) और ललिता ध्रुव (20 वर्ष) पाहंदा के रहने वाले हैं। तीनों सगे भाई-बहन है।वहीं दूसरे बाइक एचएफ डीलक्स क्र सीजी 04 एमएस 1871 में सवार त्रिलोक पटेल एवं दो अन्य गौरभाट के रहने वाले है। घटना में ललिता ध्रुव (20 वर्ष) की मौत हो गई है, जबकि नगीना ध्रुव (21 वर्ष) और मनीष ध्रुव (19 वर्ष) को रायपुर रेफर किया गया है। हादसे में घायल त्रिलोक पटेल को नवापारा सीएचसी में भर्ती किया गया है। वहीं दो अन्य को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

सरकार का बजट दिशाहीन, जनता के साथ धोखाःचंद्रदेव राय

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। राज्य सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा सोमवार को प्रस्तुत किए गए बजट को लेकर प्रदेश में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। खासकर विपक्षी दलों और जनता के बीच इस बजट को लेकर भारी निराशा देखी जा रही है। बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक एवम संसदीय सचिव रहे चंद्रदेव राय ने बजट की कड़ी आलोचना करते हुए इसे पूरी तरह दिशाहीन और आम जनता की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला करार दिया।

युवाओं के सपनों पर कुठाराघात-चंद्रदेव राय ने कहा कि प्रदेश के शिक्षित युवा इस बजट से काफी उम्मीद लगाए बैठे थे। उन्हें उम्मीद थी कि सरकार उनकी बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कोई ठोस योजना पेश करेगी। लेकिन बजट में रोजगार को लेकर कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई, जिससे साफ हो गया कि सरकार युवाओं की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। प्रदेश के लाखों युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन सरकार ने उनके लिए कोई ठोस समाधान नहीं

दिया। सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया में तेजी लाने और नई नौकरियों की घोषणा करने की जगह सरकार ने बेरोजगारों को सिर्फ आश्वासनों के सहारे छोड़ दिया है।

महिलाओं और किसानों की उपेक्षा-बजट को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए चंद्रदेव राय ने कहा कि प्रदेश की महिलाएं महंगाई से परेशान हैं। घरेलू खर्च लगातार बढ़ रहा है, रसोई गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं, लेकिन सरकार ने इस पर कोई राहत नहीं दी। लोगों को उम्मीद थी कि सरकार गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी करेगी, लेकिन इसके बजाय शराब को सस्ता कर दिया गया। यह सरकार की प्राथमिकताओं को दिखाता है, उन्होंने तंज कसते हुए कहा।किसानों को लेकर भी सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए चंद्रदेव राय ने कहा कि अन्नदाताओं के लिए कोई ठोस राहत नहीं दी गई। किसानों को समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की उम्मीद थी, उन्हें खाद, बीज और बिजली पर सब्सिडी की दरकार थी, लेकिन सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। सरकार सिर्फ घोषणाएं कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

बजट में कोई स्पष्ट नीति नहीं-चंद्रदेव राय ने आरोप लगाया कि बजट इतना अस्पष्ट है कि खुद सत्ताधारी दल के नेता भी नहीं समझ पा रहे हैं कि इसमें आखिर खास क्या है। जनता को अच्छे बजट की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने एक दिशाहीन बजट पेश कर दिया। विकास और कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कोई ठोस नीति इसमें नहीं दिखती। सरकार सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका कोई असर नहीं दिख रहा, उन्होंने कहा। डबल इंजन की सरकार से थी बड़ी उम्मीदें, लेकिन मिली सिर्फ निराशा-चन्द्रदेव राय ने कहा कि केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने के कारण लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें बड़े फैसलों का लाभ मिलेगा। लेकिन यह बजट पूरी तरह से जनता के साथ धोखा साबित हुआ।

मुसवाडीह में आज होगा चौका आरती

साजा/नवप्रदेश। संत समागम मेला मुसवाडीह साजा में चार दिवसीय मेला के अंतिम दिन आज गुरुवार को चौका आरती का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि ग्राम मुसवाडीह साजा में संत मनिहार दीवान की समाधी पर प्रति वर्ष इस मेले का आयोजन किया जाता हैं। यह मेला कबीर पंथ के अनुयायियों के आस्था का मुख्य स्थल है। कबीरपंथियो के आस्था के केंद्रों में यह दूसरा बड़ा मेला मुसवाडीह है, जिसमें दूर दूर से कबीरपंथी व अनुयायी यहां पहुंचते है। प्रति वर्ष इस मुसवाडीह मेले में आने वाले अनुयायियों व कबीरपंथियो की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जा रही हैं।

जिला पंचायत चुनाव में भाजपा की प्रियंका और विक्रांत निर्विरोध अध्यक्ष उपाध्यक्ष निर्वाचित

कांग्रेस की बड़ी दुर्गति, एक मात्र जीते सदस्य को चुनाव लडऩे नही मिले प्रस्तावक और समर्थक

खैरागढ़/नवप्रदेश। नए जिले के पहले जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा की प्रियंका ताम्रकार निर्विरोध अध्यक्ष और विक्रांत सिंह निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हूए । जिला पंचायत की पहली अध्यक्ष का ताज प्रियंका ने पहना । जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव मे कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ गई । एक मात्र जीत के साथ जिला पंचायत पहुँची कांग्रेस को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव में प्रत्याशी बनाने कोई समर्थक और प्रस्तावक नही मिला । अध्यक्ष पद पर जिपं क्षेत्र तीन कटंगी से जीत दर्ज करने वाली प्रियंका खम्मन ताम्रकार ने अपना नामांकन जमा कराया था ।

कांग्रेस की ओर से एक मात्र पैलीमेटा क्षेत्र से चुनाव जीत कांग्रेस की लाज बचाने वाली निर्मला विजय वर्मा ने नामांकन दाखिल किया । लेकिन दस सदस्यों वाली जिला पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी को नामांकन के दौरान कोई समर्थक और प्रस्तावक नहीं मिलने से निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकन खारिज कर दिया । इसके बाद प्रियंका ताम्रकार को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया । इसी तरह उपाध्यक्ष चुनाव मे क्षेत्र चार भुरभुसी से रिकार्ड और सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाले विक्रांत सिंह ने नामांकन दाखिल किया । उपाध्यक्ष के लिए एक ही नामांकन जमा होने के बाद निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर विक्रांत सिंह को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया ।

आठ सदस्य रहे एकजुट

जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष चुनाव मे पहले से ही प्रियंका और विक्रांत की जीत तय दिख रही थी । भाजपा के अधिकृत छह और दो अन्य सदस्य दस दिन पहले ही अज्ञातवास पर चले गए थे । हालंकि चुनाव की नौबत पहले से ही नही दिख रही थी । लेकिन किसी प्रकार की तोडफ़ोड़ और सेंधमारी से बचने भाजपा ने जोर लगाया था ।

नगर पालिका उपाध्यक्ष के लिए भाजपा में गहमागहमी, कांग्रेस में निष्क्रियता

गरियाबंद/नवप्रदेश। स्थानीय नगर पालिका चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष पद पर विजयी होने बाद अब उपाध्यक्ष पद के लिए पार्षदों में गहमा गहमी है। पालिका में बीजेपी कुल 9 पार्षद जीत कर आए हैं कांग्रेस से चार वह निर्दलीय दो पार्षद हैं । एक तरह देखा जाए तो उपाध्यक्ष पद के दावेदारों में जिनके नाम संभावित हैं उसमें से सबसे प्रबल आसिफ मेमन का है आसिफमेमन चार बार पार्षद रह

चुके हैं पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र के अलावा रेणुका साहू , बिंदु सिन्हा व विष्णु मरकाम के नाम की चर्चा है। उपाध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा ने पर्यवेक्षक की नियुक्ति कर दिए हैं । इन दावेदारों के अलावा और किसी नाम संगठन मोहर लगा सकती है कांग्रेस के चार पार्षद चुनकर आए हैं कांग्रेस पार्टी ने भी औपचारिकता के तहत पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं । उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस पार्टी में कोई हलचल दिखाई नहीं दे रही है । दो निर्दलीय पार्षद है किस पार्टी को समर्थन देंगे स्पष्ट नहीं है। जिस तरह जनपद पंचायत चुनाव में भाजपा ने एक तरफअध्यक्ष पद के लिए जीत हासिल की है उससे कांग्रेस संगठन की निष्क्रियता उजागर हो रही है ।

जपं बेरला में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष दोनों पदों में कांग्रेस का कब्जा

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले के चार जनपदों में हुए चुनाव में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेरला जनपद पंचायत में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। साथ ही साथ बेमेतरा जनपद उपाध्यक्ष पद पर भी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मिथिलेश वर्मा ने जीत दर्ज की है। चुनाव में पूरी कांग्रेस पार्टी एक साथ नजर आई, जिसका फायदा इस चुनाव में कांग्रेस को मिला।

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामेश्वर देवांगन सहित बेरला ब्लॉक के सभी कांग्रेसी इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को विजई बनाने में जी जान से जुटे थे। बेरला जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती माधुरी रवि परगनिया अध्यक्ष हेतु तथा शुभम वर्मा उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित किए गए। इस

चुनाव में भाजपा ने भी अपना पूरा दम खम लगा रखा था, किंतु कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रणनीति के आगे बेरला जनपद चुनाव में भाजपा नहीं टिक पाई। कार्यवाहक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने इस जीत पर इसे कार्यकर्ताओं तथा आम जनता की जीत बताया है। साथ ही साथ उन्होंने विजय प्रत्याशियों को कहा कि जनता जनार्दन ने जिस उम्मीद के साथ उन्हें इस पद पर बिठाया है, उसे पर वह अपना शत प्रतिशत योगदान देते हुए जन आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करें।

अम्लेश्वर पालिका में शपथ ग्रहण समारोह आज

दुर्ग पाटन/नवप्रदेश। अम्लेश्वर पालिका में नव निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षद का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम 1 बजे हाई स्कूल खेल मैदान स्वामी आत्मानंद स्कूल में रखा गया है।शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे साथ में कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक पाटन भूपेश बघेल करेंगे विशिष्ट अतिथि रामशिला साहू, पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगी। दयानंद सोनकर पहले अध्यक्ष नगर पालिका अम्लेश्वर के होंगे तथा सभी पार्षद नए है पहली बार अम्लेश्वर पालिका बनाने के बाद चुनाव हुआ था।

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशाजनक कहा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा विधानसभा में 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट को निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा है कि इस बजट में छत्तीसगढ़ राज्य के आधार स्तंभ यहां के किसानों के लिए इस सरकार ने इस बजट में किसी भी प्रकार से कोई प्रावधान नहीं किया है, ना हीं किसानों को किसी प्रकार से छूट दी गई है, ना ही उनके लिए कोई नई योजना लाई गई है। भाजपा की सरकार मात्र कागजी

घोड़ा दौड़ने का कार्य वित्त मंत्री ने किया है और वह सारी खोखली बातें हैं, पूर्व में भी इसी तरह का बजट भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया था। विगत एक वर्षों में प्रदेश में पूरी तरह से विकास थम गया है, चारों ओर लूट मची हुई है। इस बजट में ना तो किसानों के लिए कोई व्यवस्था है, ना कर्मचारियों के लिए कोई विशेष राहत दी गई है। नई सड़क, पुल पुलिया निर्माण की बात तो सरकार ने की ही नहीं है, इससे जाहिर है कि सरकार यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में कोई रुचि नहीं रखती। ना ही चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य के लिए कोई विशेष घोषणा की गई है, पूर्व के जितने भी शासकीय अस्पताल हैं वहां चिकित्सकों एवं साजो समान की कमी है, उसे भी सरकार नजरअंदाज कर रही है स्वामी आत्मानंद स्मृति उत्कृष्ट अंग्रेजी मध्य विद्यालयों के लिए इस बजट में किसी भी प्रकार से कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

लोकतंत्र के मंदिर में जनमुद्दों पर द्वंद युद्ध

कौन रोता है किसी और की ख़ातिर, ऐ दोस्त सब को अपनी ही किसी बात पे रोना आया...

मधुकर दुबे

टिप्पणी

रायपुर/नवप्रदेश। लोकतंत्र रूपी मंदिर विधानसभा में जनमुद्दों का भीषण द्वंद युद्ध चल रहा है। विकास और जनता से जुड़े सवालों और जवाबों की जुगलबंदी चल रही है। जहां सत्ता पक्ष अपनी सरकार की खूबियों का बखान कर रहा है। वहीं विपक्ष तर्क संगत सवालों के घेरे में लेते हुए सत्ता पक्ष की जवाबदारी तय करने में जुटा है। विकास करना और इसे तीव्र गति देना का विजन सर्वोपरि रखने में विष्णुदेव साय की सरकार सक्षम दिख रही है। किसी भी सरकार की ब्रांडिंग करने में सरकार के मंत्रियों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्हें आकड़ों के साथ तर्क संगत ढंग से विपक्षी को समझाने की जरूरत होती है। ये भी सच है कि अनुभव को दरकिनार नहीं किया जा सकता है। यही वजह भी है भाजपा के ऐसे विधायक जो इस समय मंत्री के पद पर नहीं है, वे बड़े ही मारक ढंग से अपनी ही सरकार के मंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं होते। छत्तीसगढ़ के विकास के पुरोधा के रूप में 15 साल मुख्यमंत्री रहे डॉक्टर रमन सिंह आज विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका में हैं, जो मंत्रियों को सवाल और उनके जवाब के मायने सदन में समझा रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि विष्णुदेव साय सरकार कोई काम नहीं रही है। बल्कि मात्र 13 महीनों में ही मोदी की सभी गारंटियों को पूरा करने का इतिहास बना दिया है। नतीजा, निकाय और त्रि-स्तरीय चुनाव में प्रचंड जीत मिली, जिसे नाकारा नहीं जा सकता है। लेकिन विपक्ष की दलीलों से यह भी सवाल उठता है कि पांच साल में उन्होंने कौन सा ऐसा काम किया जिसे जनता याद कर सके, हां ये जरूर है कि कई बड़े घोटाले हो गए। इस तरह का आरोप सत्ता पक्ष विपक्ष पर लगा रहा है। वैसे छत्तीसगढ़ में अब चाहे किसी की सरकार बने वह एक से डेढ़ साल तक कुछ नहीं कर सकती है। इसके पीछे कारण है कि विधानसभा चुनाव के बाद किसी भी पार्टी की सरकार बनेगी, उसे लोकसभा फिर नगरीय निकाय-त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जूझना पड़ेगा। ऐसे में सिर्फ विकास का खाका ही खींचा जा सकता है। लेकिन इस भ्रम को भी विष्णुदेव साय की सरकार ने तोड़ते हुए धरातल स्तर पर तेजी से विकास की योजनाओं को मूर्तरूप दे रही है। अगर तुलनात्मक रूप से देखा जाए तो कांग्रेस की अपेक्षा भाजपा सरकार के काम करने की शैली अलग है। भाजपा जहां विकास और भ्रष्टाचार मुक्त सिस्टम पर विश्वास करती है। वहीं कांग्रेस की सरकारें सिर्फ कागजों पर योजनाएं बनती हैं लेकिन धरातल पर उतरने से पहले ही सवालों के घेरे में आ जाती हैं। इस फर्क को शायद छत्तसीगढ़ की जनता समझ चुकी है। यही कारण है कि आज भाजपा के ट्रिपल इंजन की सरकार है। लेकिन हैरतवाली बात है मंत्री विकास के कार्यों को सही तरीके से सदन के पटल पर नहीं रख पा रहे हैं, इसकी बानगी चल रहे सत्र के दौरान देखी जा सकती है।

खैर, मनाइए सदन में डॉक्टर रमन सिंह चीजों को बिखरने से पूर्व ही संभाल ले रहे हैं। अगर मंत्री के विभागीय अधिकारी उनको सही जानकारी नहीं उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, इससे साय सरकार की छवि धूमिल होगी। साथ ही बड़ा ही सवाल है कि जनता के बीच क्या संदेश जाएगा। कहा जाता है कि जितना बड़ा जनादेश उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है और चुनौती होती है, उसे संभालकर रखना है। थोड़ी भी खामी पाने के बाद विपक्षी पार्टी कम बैक होने में कोई भी कसर नहीं छोड़ेगी।

सर्पदंश के मुआवजे के नाम पर करोड़ों का घोटाला!

■ **भाजपा विधायक सुशांत शुक्ल ने दागे सवाल**

सर्पदंश से होने वाली मौतों पर मुआवजे के नाम पर अधिकारियों ने करोड़ों रुपए के घोटाले को अंजाम दिया। सदन में भाजपा विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा लगाए गए आरोप पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जांच की घोषणा की।

विधायक सुशांत शुक्ला ने विभाग की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर कहा कि सर्पलोक कहे जाने वाले जशपुर में 96 लोगों की सर्पदंश से मौत हुई, जबकि बिलासपुर में 431 लोगों की मौत हो जाती है, जो संभव नहीं। मुआवजे में करोड़ों की गड़बड़ी हुई है, फर्जीवाड़ा किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने आसंदी से कहा कि सांप फर्जी था कि आदमी फर्जी था. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि पहली बार ये जानकारी में आया है. ऐसा है तो विधायक जानकारी दें, इसकी जांच कराई जाएगी। सुशांत शुक्ला ने कहा कि पहले जांच हुई है क्या? जबकि पहले भी शिकायत हुई है. राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों का घोटाला हुआ है. इसकी सचिव स्तर के अधिकारी से जांच करायेंगे क्या? मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुझे शिकायत नहीं मिली है. शिकायत मिलने पर जांच और कार्रवाई दोनों होगी. इसके साथ मंत्री टंकराम वर्मा की सदन में घोषणा कि बिलासपुर में सर्पदंश से 431 मौत की जांच कराई जाएगी।

तीन देवियों के चक्रव्यूह में सरकार...

■ **रिटायर्ड संचालक ने पत्नी और संबंधियों के नाम पर खेला खेल**

■ **सदन में संगीता सिन्हा ने दागे सवाल**

विधानसभा सत्र के दौरान बुधवार को सदन में कांग्रेस की विधायक संगीता सिन्हा ने मत्स्य पालन विभाग में लगभग 6 करोड़ रुपए सब्सिडी की राशि में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से प्रश्न पूछते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने कहा बिना मत्स्य पालन विभाग में बिना भौतिक सत्यापन के 6 करोड़ की सब्सिडी का घोटाला किया है। लेकिन अभी तक क्यों नहीं कार्रवाई की गई है।

इसका जवाब देते हुए मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि शिकायत की जांच की जा रही है। संगीता सिन्हा ने कहा कि मत्स्य पालन सहायक संचालक ने अपनी पत्नी और सगे संबंधियों के नाम पर जमीन लीज में लेकर सब्सिडी की राशि में भ्रष्टाचार किया है। शिकायत के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिस पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि शिकायत एक जून 2024 हुई थी। जांच प्रतिवेदन के बाद एफआईआर कर राशि की रिकवरी होगी। इसी बीच अजय चंद्राकर ने कहा कि अधिकारी के रिटायर्ड होने का आप इंतजार कर रहे थे। विधायक संगीता ने मंत्री को बताया कि रिटायर्ड मत्स्य संचालक ने अपनी पत्नी विद्या बंजारे और परिवार के नाम पर फर्जी तरीके से लाभ ले रहे है। इस पर मंत्री ने कहा जांच कराएंगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि अधिकारी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

शराब दुकान :420 को कैशलेस किया : विधायक अंबिका मरकाम ने मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से पूछा कि कितने शराब दुकानों को कैशलैस किया गया है और बाकी को कब तक किया जाएगा। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में 674 शराब दुकानों में 420 को कैशलेस किया गया है, बाकी की प्रक्रिया जारी है।

कंप्यूटर हटाने पर बिफरी प्राण लहरे : विधायक कविता प्राण लहरे ने मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से पूछा कि बिलाईगढ़ में हायर स्कूल, हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूलों से लैपटॉप और कंप्यूटर वितरण हुआ था। जिसे वापस ले लिया गया।

जिस पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि चयनित विद्यालयों में सत्र 2019-20 में ऑनलाइन निविदा उपरांत स्मार्ट क्लास व आईसीटी लैब स्थापित की गई थी। स्मार्ट क्लास में लैपटॉप व आईटीसी लैब में कम्प्यूटर स्थापित किए गए थे। जिसमें कुछ स्कूलों को निरस्त कर वहां से कुछ ही कम्प्यूटर वापस लिए गए थे।

जनसंपर्क के विज्ञापन प्रक्रिया पर उठे सवाल

विधायक भावना बोहरा ने अखबार, टीवी और न्यूज पोर्टल को जारी विज्ञापन की राशि में हुई असंगत वितरण पर सवाल उठाए। इसके जवाब में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा इसकी पूरी जाकारी दी गई है। सब कार्य नियम पूर्वक किया गया है। जो राशि जारी करने का प्रश्न है, उन तथ्यों का परीक्षण कराया लिया जाएगा।

युवा सोच और अनुभव की जंग : वित्त मंत्री-नेता प्रतिपक्ष में युद्ध विराम

विधानसभा में बजट पर सामान्य चर्चा की गई। इस दौरान विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, पिछले डेढ़ साल से हम मुख्यमंत्री के साथ पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहे हैं। जनता ने हमें ऐतिहासिक जनादेश दिया है। लोकसभा चुनाव और उसके बाद हुए उप चुनाव में भी ऐतिहासिक जनादेश मिला। स्थानीय निकाय का चुनाव जनता की वास्तविक सोच की अभिव्यक्ति है। निकाय चुनाव में भी जनता का जनादेश हमें मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दस में से दस निकायों में कांग्रेस जीती थी। दस में से दस निकाय उन्होंने जीता था, लेकिन जनता के दो वोट डालने के अधिकार को एक वोट में बदल दिया था। रायपुर में एक व्यक्ति को जीतने के लिए पूरे राज्य के संवैधानिक व्यवस्थाओं को चूर-चूर कर दिया था। यदि वह इसे रिकॉर्ड मानते हैं तो ये रिकॉर्ड उन्हें ही मुबारक। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा, हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया कि जनता के दो वोट के अधिकार को वापस दिलाएंगे। जनमत संग्रह कराने की हिम्मत विष्णुदेव साय ने की। जनता के दरबार में हम गए। दस के दस निगमों में जनता ने भाजपा के प्रत्याशियों को जिताया है। उन्होंने कहा, पिछले बार के 'ज्ञान' की थीम के बजट में अन्नदाता मूल में था। राजीव गांधी किसान न्याय योजना कांग्रेस चलाती थी। करीब पाँच हज़ार करोड़ का भुगतान किया गया। 2023 में अंतिम भुगतान साढ़े सात हजार करोड़ का किया गया।. कांग्रेस सरकार चार किश्तों में किसानों को तड़पा तड़पा कर भुगतान करती थी। हमने एकमुश्त में 13 हजार 130 करोड़ का भुगतान किया है. इसके बाद भी वह किसानों के मसीहा बनने की घोषणा करते हैं. धान खरीदी के माध्यम से 94 हज़ार 915 करोड़ का भुगतान हुआ है. पीएम किसान निधि से दो हज़ार करोड़ का भुगतान हुआ है. गन्ना बोनस के रूप में 125 करोड़ का भुगतान हुआ है. सरकार में आने के सिर्फ 13 दिनों बाद बोनस की बकाया राशि का भुगतान किया है।

ओपी चौधरी ने कहा, हमारी सरकार ने सिर्फ सवा साल में ही किसानों को एक लाख करोड़ रुपए से ज़्यादा का भुगतान किया है. आर्थिक सर्वेक्षण में 24-25 में जीडीपी 7.5 फीसदी रहा है. यह राष्ट्रीय औसत से ज़्यादा है। राष्ट्रीय औसत से प्रदेश की विकास दर पहले कमजोर थी. एफ़आरबीएम एक्ट, फाइनेंस कमीशन की गाइडलाइन है कि कर्ज की सीमा जीडीपी का 25 फ़ीसदी से ज़्यादा नहीं होना चाहिए. हम इस गाइडलाइन का अक्षरशः पालन करेंगे. राज्य हित और व्यक्तिगत प्रशस्ति में मैंने राज्य हित को चुना है. रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के लोन, लोन के रिपेमेंट के साथ-साथ जो भुगतान लंबित थे उन्हें खत्म करने के लिए अनुपूरक बजट पेश किया था. भविष्य के गड्ढों को पाटने के लिए हमने ये तय किया था।

15 लाख खाते में डालने वाला वीडियो सार्वजनिक करके दिखाएं विपक्ष'

वित्त मंत्री ने आगे कहा, छत्तीसगढ़ सरकार आज कर्मचारियों को 53 फ़ीसदी डीए दे रही है. हिमाचल में 42 फ़ीसदी, कर्नाटक में 45 फ़ीसदी, तेलंगाना में 28 फ़ीसदी, पश्चिम बंगाल में सिर्फ़ 14 फ़ीसदी डीए दिया जा रहा है। खटाखट पार्टी को देश के उन राज्यों की भी चिंता कर लेनी चाहिए. प्रधानमंत्री ने एंटी इंकम्बेंसी की अवधारणा को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है. पंद्रह लाख रुपए खाते में डालने वाला एक भी वीडियो विपक्ष सार्वजनिक कर दे. लोकतंत्र में इसका जवाब जनता जनार्दन ने एक बार नहीं तीन बार देकर जवाब दे दिया है. जिस तरह से राहुल गांधी कहते थे कि खटाखट पेमेंट होगा फिर कर्नाटक में क्यों गृहलक्ष्मी योजना का पेमेंट नहीं किया जा रहा है. हमारी सरकार सारे वित्तीय नॉर्म्स को पूरा करते हुए आगे बढ़ रही है।

हम आर्थिक प्रगति कर रहे : वित्त मंत्री

चौधरी ने आगे कहा, पिछली सरकार विशेष सर्किल से चलता था। सरकारी ख़ज़ाने को अपनी जेब में पहुँचाने का काम किया जाता था। हमारी सरकार सुशासन पर भरोसा करती है। सुशासन के रास्ते ही हम आर्थिक प्रगति कर रहे हैं. पंजीयन पर लगने वाले स्टाम्प ड्यूटी में 12 फीसदी के टैक्स को हमने समाप्त किया है। परिवहन में आय बढ़ रही है. जीएसटी कलेक्शन में हम देश में तीसरे स्थान पर हैं. हमने 35 फ़ीसदी का लक्ष्य रखा था। गोल्फ को लेकर नेता प्रतिपक्ष टिप्पणी कर रहे थे। बहुत से देश ऐसे हैं, जहाँ गोल्फ नहीं होता है, वहां इन्वेस्ट नहीं आता है। छत्तीसगढ़ को परसेप्शन प्रॉब्लम से गुजरना पड़ता है। किसी अर्थव्यवस्था में ये बाधक होता है. अपनी राजधानी को राष्ट्रीय नक्शे पर लाने का प्रयास है। वेडिंग डेस्टिनेशन को लेकर नेता प्रतिपक्ष उपहास कर रहे थे। अमीर पैसा कमाता है और उसे खर्च कर उस राशि को नीचे तक पहुंचाता है तो गरीबों को फायदा होता है. सरकार में ऐसे प्रयासों पर विपक्ष को भी समर्थन करना चाहिए।

सशक्त हुई महिलाएं : चौधरी

चौधरी ने कहा, पिछली सरकार के वक्त राज्य पर 34 हज़ार करोड़ रुपए की अतिरिक्त लायबिलिटी थी। इस बुनियाद पर हमें सरकार मिली थी. इसे ख़त्म करने का काम हम कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में हम 70 लाख माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ दे रहे हैं. माताओं और बहनों की जनसंख्या के हिसाब से छत्तीसगढ़ में करीब 44 फ़ीसदी माताओं बहनों को लाभ मिल रहा है. झारखंड, कर्नाटक से ज़्यादा राज्य की माताओं और बहनों को हम महतारी वंदन योजना का लाभ दे रहे हैं. किसी भी कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना को लेकर पूछे जाने पर नब्बे फीसदी महिलाएं हाथ खड़े करती हैं. इस योजना से महिला पहले से ज़्यादा सशक्त हुई हैं।

धान खरीदी पर चौधरी ने दिया जवाब

